अनमोल वचन

"स्वयं को खोजने का सबसे अच्छा तरीका है स्वयं को दूसरों की सेवा में खो देना."

-महात्मा गांधी

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K & K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-36 | सीहोर, रविवार 23 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## संक्षिप्त समाचार

### भारत विकसित राष्ट्र के रूप में उभरेगा 2047 तक : बिल गेट्स



मुंबई (ए.)। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने कहा कि इंडिया की ग्रोथ से पूरी दुनिया को फायदा होगा। मुंबई में एक इवेंट में बिल गेट्स ने यह बात कही है। इतना ही नहीं उन्होंने भारत के इनोवेशन की तेज गति की भी सराहना की है। बिल गेट्स ने कहा कि 2047 तक देश का विकसित राष्ट्र के रूप में उभरना न केवल भारत को बदल देगा, बल्कि दुनिया पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि फैक्ट यह है कि भारत में हेल्थ और एजुकेशन जैसे प्रमुख सेक्टरों को प्राथमिकता दी गई है, इससे बहुत सकारात्मक गतिशीलता पैदा हुई है। भारत के इकोनॉमिक ग्रोथ आउटलुक को आशाजनक बताते हुए गेट्स ने कहा कि यह एक बेहतरीन स्थिति है, जब इस बात पर बहस चल रही है कि विकास दर 5 प्रतिशत होगी या 10 प्रतिशत। हालांकि, मुझे नहीं लगता कि यह 10 प्रतिशत तक पहुंचेगी, लेकिन 5 प्रतिशत से नीचे भी नहीं जाएगी। बिल गेट्स ने कहा कि आर्थिक विस्तार हेल्थकेयर और एजुकेशन में अधिक सरकारी निवेश को सक्षम करेगा, जिससे महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर गेट्स ने कहा कि यह टेक्नोलॉजी बहुत बड़े बदलाव लाएगी। लेकिन उन्होंने इस डर को खारिज कर दिया कि एआई से नौकरियां खत्म हो जाएंगी। गेट्स ने भारत की एआई डेवलपमेंट अप्रोच की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत का स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार ओपन-सोर्स फाउंडेशन मॉडल को अपनाना अच्छा है, जिसमें भारतीय भाषाओं का सपोर्ट भी शामिल है।

### बेंगलुरु में भारी बारिश के चलते हवाई उड़ानों पर असर

**कुल 10 उड़ानें चेन्नई डायवर्ट की गई**




बेंगलुरु (ए.)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में भारी बारिश हो रही है। बारिश के चलते हवाई उड़ानों पर भी असर पड़ा है। मौसम खराब होने के चलते कुल 10 उड़ानें चेन्नई डायवर्ट की गई हैं। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने उड़ानों के चेन्नई डायवर्ट किए जाने की पुष्टि की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इंडियो एयरलाइंस ने कहा कि बेंगलुरु में खराब मौसम के चलते उड़ानों पर असर पड़ा है। इंडिगो की ओर से कहा गया- हम मौसम पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं और आपको समय-समय पर अपडेट देते रहेंगे। इंडिगो ने कहा, हम आपको उड़ानों से से जुड़ी जानकारी के लिए समय-समय पर अपडेट देते रहेंगे। आपसे आग्रह है कि आप उड़ानों की स्थिति पर नजर बनाए रखें। साथ ही अगर आपको अपनी यात्रा रीशिड्यूल करनी है तो रीबुकिंग के विकल्पों पर विचार कर सकते हैं, या फिर पैसे की वापसी का दावा हमारी वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं। इंडिगो ने कहा कि उनकी टीमें मौसम पर बारीकी से नज़र रख रही हैं, और स्थिति में सुधार होते ही सुचारू और समय पर संचालन फिर से शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उधर, एयर इंडिया ने भी कहा कि खराब मौसम के कारण उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप बेंगलुरु में हवाई ट्रैफिक ज्यादा हो गया है। एयर इंडिया ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम अपने सभी यात्रियों को सलाह देते हैं कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच कर लें। बेंगलुरु की कुछ सड़कें जलमग्न हैं और व्यस्त इलाकों में यातायात जाम है। बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस ने भी एयरपोर्ट के रास्ते में यातायात जाम के बारे में चेतावनी दी है। ट्रैफिक पुलिस ने कहा, हंसमारनहल्ली में भारी जलभराव के कारण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर जाने वाला ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है।

### कर्मचारियों की सूझबूझ से टला बड़ा ट्रेन हादसा



बाराबंकी (ए.)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में बड़ा रेल हादसा टल गया। दरअसल यहां रेलवे कर्मचारियों की सूझबूझ से यह हादसा टल गया। दरअसल दरभंगा से जालंधर जा रही अंतोदय एक्सप्रेस के पहियों में आग लग गई। क्रॉसिंग संख्या 17 पर पहुंचते ही गेट में नवीन कुमार ने आग देखकर इस घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्टेशन मास्टर ने आनन-फानन में ट्रेन को स्टेशन पर रोका। ट्रेन के रुकते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और यात्री ट्रेन के डिब्बों से कूदकर रेलवे ट्रैक पर यहां वहां भागने लगे। जानकारी के मुताबिक, जनरल कोच के पहियों में ब्रेक पेडल के जाम हो जाने की वजह से ट्रेन में आग लगी थी। रेलवे कर्मचारियो आनन-फानन में फायर सिलेंडर का इस्तेमाल पर आग पर काबू पा लिया। सूचना पाकर मौके पर स्थानीय थाना पुलिस भी पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

**जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की सौंपी रिपोर्ट के बाद किया यह फैसला**

## नकदी विवाद: तीन न्यायाधीशों की समिति करेगी जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की जांच, सीजेआई ने गठित की कमेटी

**दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लगे आरोपों की जांच तीन न्यायाधीशों की समिति करेगी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की सौंपी रिपोर्ट के बाद यह फैसला किया। मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय को फिलहाल जस्टिस वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपने के लिए भी कहा गया है।**






नई दिल्ली (ए.)। सीजेआई जस्टिस खन्ना ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायाधीश अनु शिवरामन की तीन सदस्यीय समिति गठित की है। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने जस्टिस वर्मा के घर से मिली बड़ी नकदी के संबंध में साक्ष्य और जानकारी जुटाने के लिए आंतरिक जांच की रिपोर्ट सीजेआई को सौंपी थी। यह रिपोर्ट, जस्टिस वर्मा का जवाब और अन्य दस्तावेज सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं।

**-कौन हैं जस्टिस यशवंत वर्मा ?**

जस्टिस यशवंत वर्मा का जन्म 6 जनवरी 1969 को इलाहाबाद में हुआ। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से बी.कॉम (ऑनर्स) की पढ़ाई की और मध्य प्रदेश के रीवा विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. की डिग्री हासिल की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में उन्होंने कॉर्पोरेट कानूनों, कराधान और कानून की संबद्ध शाखाओं के अलावा संवैधानिक, श्रम और औद्योगिक विधानों के मामलों में भी वकालत की।

**2016 में स्थायी न्यायाधीश के रूप में ली शपथ**

56 वर्षीय न्यायाधीश, जो 1992 में अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हुए थे, उन्हें 13 अक्टूबर 2014 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया और उन्होंने 1 फरवरी 2016 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

**-कई पदों पर रहे**

वह 2006 से अपनी पदोन्नति तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय के विशेष अधिवक्ता भी रहे, इसके अलावा 2012 से अगस्त 2013 तक उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य स्थायी अधिवक्ता भी रहे, जब उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया।

## बांग्लादेशियों को अवैध रूप से भारत में बसाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**पुलिस ने इस मामले में 18 बांग्लादेशी और 8 भारतीयों को गिरफ्तार किया**



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेशियों को अवैध रूप से भारत में बसाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में 18 बांगलादेशी और 8 भारतीयों को गिरफ्तार किया है। जो फर्जी कागजात पर बांग्लादेशी लोगों को असली पासपोर्ट मुहैया कराने का काम करते थे। गिरफ्तार हुए लोगों पर आरोप है कि ये बांग्लादेशियों को हिंदुस्तान में अवैध रूप से बसाने के लिए उनकी मदद करते थे। इसके बदले इन लोगों को पैसे दिए जाते थे। फइलहाल पुलिस ने 8 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू भी कर दी है। गिरफ्तार लोगों में से चार भारतीयों की पहचान भी की गई है, जो बांग्लादेशी नागरिकों के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने में शामिल थे। जुल इस्लाम इस रैकेट का सरगना था, जो इस नेटवर्क का संचालन कर रहा था।

**पुलिस को हवाला नेटवर्क का भी पता चला**

पुलिस ने मामले में आगे बताया कि उन्हें हवाला नेटवर्क का भी पता चला है, जो भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक दुकान की मदद से संचालित हो रहा था। आरोपियों में से एक बार-बार बांग्लादेश की यात्रा करता था। यह सिंडिकेट न केवल उन्हें देश में प्रवेश करने में मदद करता था, बल्कि उन्हें नौकरियां और फर्जी दस्तावेज भी उपलब्ध कराता था। उनकी कार्यप्रणाली में बांग्लादेश से व्यक्तियों को असम लाना, फिर दिल्ली लाना शामिल था, जहां उनके लिए आवास की व्यवस्था की जाती थी, फर्जी पहचान पत्र बनाए जाते थे और उन्हें छोटे-मोटे काम दिलाए जाते थे।



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपति भवन में सौजन्य भेंट की।

### तेलंगाना में 24 मार्च तक आंधी, ओलावृष्टि का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान

*मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी तरह की जान-माल की हानि को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया*


तेलंगाना (ए.)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तेलंगाना के कई जिलों के लिए शुक्रवार को 'ऑरेंज' और 'येलो' अलर्ट जारी किए, जिसके तहत वहां 24 मार्च की सुबह तक आंधी, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई। आईएमडी ने शुक्रवार शाम 5.30 बजे से 24 मार्च सुबह 8.30 बजे के बीच तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने का भी पूर्वानुमान जताया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी तरह की जान-माल की हानि को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर का दौरा कब करेंगे : जयराम रमेश



नई दिल्ली (ए.)। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के प्रतिनिधिमंडल के मणिपुर दौरे का स्वागत करते हुए कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य का दौरा कब करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मणिपुर का दौरा करने गए छह न्यायाधीशों का स्वागत करती है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 22 महीनों में सैकड़ों लोग मारे गए हैं, करीब 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं और आश्रय गृहों और राहत शिविरों में रह रहे हैं। 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू हो गया, लेकिन सवाल उठता है। जब खुद सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त 2023 को कहा था कि मणिपुर में संवैधानिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, तब भी राष्ट्रपति शासन लागू करने में 18 महीने क्यों लग गए? रमेश ने पूछा कि यह अच्छी बात है कि सुप्रीम कोर्ट के जज चले गए, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि प्रधानमंत्री कब आएंगे? न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सहित सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मणिपुर के चुराचांदपुर में एक राहत शिविर का दौरा किया। कांग्रेस नेता ने संसद में अपने मंत्रालय के कार्यों पर चर्चा के दौरान मणिपुर की स्थिति के बारे में नहीं बोलने के लिए गृह मंत्री अमित शाह की भी आलोचना की। गृह मंत्री ने राज्यसभा में अपने गृह मंत्रालय के काम के बारे में करीब चार घंटे तक जवाब दिया, लेकिन मणिपुर के बारे में उन्होंने ज़्यादा कुछ नहीं कहा।

### सुप्रीम कोर्ट के जजों का प्रतिनिधिमंडल मणिपुर पहुंचा, विस्थापितों से करेगा मुलाकात



इंफाल,(ए.)। सुप्रीम कोर्ट के जजों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार सुबह मणिपुर पहुंचा। जज मणिपुर में जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों से मिले। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जस्टिस बी आर गवई के नेतृत्व में शीर्ष अदालत के प्रतिनिधिमंडल का हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राज्य के वकीलों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। न्यायाधीश राहत शिविरों का दौरा करेंगे और चुराचांदपुर जिले में लघु सचिवालय से कानूनी सेवा शिविरों, कानूनी सहायता केन्द्रों और अस्थायी चिकित्सा केन्द्रों का वर्चुल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे बिष्णुपुर में मोइरांग कॉलेज में एक राहत शिविर जाएंगे। इस संबंध में एक न्यायाधीश ने कहा कि हम अभी यहां आए हैं और आगे के कार्यक्रम को लेकर आशान्वित हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में शामिल न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह मेइती समुदाय से हैं और वह कुकी बहुल चुराचांदपुर जिले का दौरा नहीं करेंगे क्योंकि वहां वकीलों के एक संगठन ने इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति सिंह बिष्णुपुर जिले का दौरा करेंगे। ऑल मणिपुर बार एसोसिएशन' (एएमबीए) ने चुराचांदपुर जिले की बार एसोसिएशन से आग्रह किया है कि वह मेइती समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को कुकी-जो बहुल क्षेत्र का दौरा करने से रोकने वाले अपने निर्देश को वापस ले। एएमबीए के अध्यक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जजों का यह दौरा ऐतिहासिक और अपनी तरह का पहला दौरा है। सुप्रीम कोर्ट के जज रविवार को मणिपुर हाईकोर्ट में एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

### माँ के सामने महिला का सरेआम अपहरण



नाशिक (ए.)। जिले से एक चौंका देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पति ने ही अपनी पत्नी का अपहरण कर लिया। बताया जा रहा है कि महिला अपनी मां के साथ कहीं जा रही थी, इसी दौरान कार से उसका पति अपने दोस्तों के साथ वहां पहुंचा। देखते ही देखते उन्होंने महिला को जबरन कार में बैठा लिया। इस दौरान महिला का मां ने इसका विरोध भी किया, लेकिन उन्होंने मां को धक्का देकर गिरा दिया। महिला का अपहरण करने के बाद उसका पति और अन्य लोग मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने बाद में शिरडी के पास से महिला को रेस्क्यू कर लिया और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, घटना का एक वीडियो भी सामने आया है।

## मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी बनने की ओर अग्रसर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**नवकरणीय ऊर्जा में 5.72 लाख करोड़ से अधिक का निवेश**



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी है, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। उन्होंने वर्ष 2030 तक कुल नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन 500 गीगावाट तक करने का लक्ष्य तय किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन को साकार करने मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नया इतिहास रच रहा है। प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता पिछले एक दशक में 14 गुना से अधिक बढ़ी है। राज्य सरकार की ठोस नीतियां, निवेश अनुकूल माहौल और तकनीकी नवाचार इसे 'सूर्य देव का वरद प्रदेश' बना रहे हैं। जीआईएस-भोपाल में मध्यप्रदेश की टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी के कारण नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीआईएस-भोपाल के उद्घाटन अवसर पर कहा कि विगत दशक में भारत के ऊर्जा क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 70 बिलियन डॉलर (5 ट्रिलियन रुपये से अधिक) का निवेश हुआ है। इससे स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस विकास में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और बताया कि मध्यप्रदेश वर्तमान में लगभग 31,000 मेगावाट की विद्युत उत्पादन क्षमता रखता है, जिसमें से 30त्न हरित ऊर्जा है।

**सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से अब तक 104 दंगाइयों की पहचान की गई**

## नागपुर हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों से वसूली जाएगी : मुख्यमंत्री फडणवीस

**नागपुर के इलाकों में सोमवार को हुई हिंसा के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निर्धारित दौरा नहीं होगा प्रभावित**



मुम्बई (ए.)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि नागपुर हिंसा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई संपत्तियों की कीमत दंगाइयों से वसूली जाएगी और भुगतान नहीं करने पर उनकी संपत्तियों को जब्त कर बेचा जाएगा। फडणवीस ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करने के बाद अब तक 104 दंगाइयों की पहचान की गई है और कानून के अनुसार 12 नाबालिगों सहित 92 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। फडणवीस ने कहा कि मध्य नागपुर के इलाकों में सोमवार को हुई हिंसा के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निर्धारित दौरा प्रभावित नहीं होगा। गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा, पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले दंगाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेरी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक पुलिस पर हमला करने वाले तत्वों का पता नहीं चल जाता और उनसे सख्ती से निपटा नहीं जाता।

उन्होंने कहा कि दंगों में विदेशी या बांग्लादेशी हाथ होने के बारे में टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगा, क्योंकि जांच जारी है। उन्होंने कहा, हिंसा का कोई राजनीतिक पहलू नहीं है। फडणवीस ने कहा कि इस घटना को खुफिया विफलता नहीं कहा जा सकता, लेकिन इसे (खुफिया जानकारी एकत्रित करना) बेहतर तरह से किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि दंगाइयों ने महिला कांस्टेबलों पर पत्थर फेंके थे। मुख्यमंत्री ने कहा, उनके (महिला कांस्टेबल) साथ छेड़छाड़ नहीं की गई।

## पत्रकार भवन के लिए हर संभव सहयोग करूंगा : स्वदेश राय

**अंबा दत्त भारतीय स्मृति पत्रकार सम्मान से श्री सुधीर सक्सेना सम्मानित**



सीहोर (निप्र)। सीहोर विधायक सुदेश राय ने कहा कि पत्रकार अंबादत भारतीय सीहोर जिले की पत्रकारिता की शान थे, जिन्हें पूरा जिला और प्रदेश पत्रकारिता की चलती फिरती पाठशाला की स्वीकृति प्रदान करता है। विधायक श्री राय आज स्वर्गीय अंबा दत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। विधायक श्री राय ने कहा कि मेरी इच्छा है कि जिले के पत्रकारों की बहु प्रतीक्षित पत्रकार भवन की मांग शीघ्र पूर्ण हो जिसके लिए हर संभव सहयोग करूंगा। विधायक श्री राय ने अंबा दत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता एवं शोध संस्थान एवं जिला प्रेस क्लब को धन्यवाद देते हुए कहा कि पत्रकारों के सम्मान के लिए मूर्धन्य पत्रकार बाबा भारतीय की यादों को लम्बे समय से ताजा बनाए रखना प्रशंसनीय कार्य है जो प्रदेश में एक मिसाल है।समारोह की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत आईएएस आनंद कुमार शर्मा ने अपने प्रभावी संबोधन में पत्रकारिता का बहुत साफगोई से विश्लेषण किया। बाबा पत्रकारिता के मूल्यों के लिए सदैव सजग रहे।



कार्यक्रम में दैनिक क्षितिज किरण ग्रुप के प्रधान संपादक श्री के.के.सक्सेना जी को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

खासकर बाबा के सच्चे शिष्य और अनुयायी रघुवर दयाल गोहिया को धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने इस गरिमापूर्ण समारोह में मुझे आमंत्रित किया। प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार डॉ सुधीर कुमार सक्सेना ने स्वयं को मिले राष्ट्रीय सम्मान के प्रति उत्तर में आयोजक संस्था को धन्यवाद देते हुए पत्रकारिता के प्रारंभिक कालखंड से वर्तमान दौर की पत्रकारिता का साहित्यिक अंदाज में विश्लेषण किया।


शेष पृष्ठ 8 पर

# शहडोल, सतना और मैहर में तेज बारिश के साथ गिरे ओले, नर्मदापुरम ने 37 डिग्री पार पहुंचा दिन का पारा



भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। शनिवार को शहडोल सतना और मैहर में जिले में दोपहर में तेज गर्जना के साथ बारिश हुई साथ ही ओलावृष्टि हुई है। जबकि नर्मादापुरम का पारा 37 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। वहीं राजधानी भोपाल समेत कई जिलों मौसम साफ रहा। इधर ओलों से खेतों में फसलों को नुकसान भी पहुंचा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि 24 मार्च से नया सिस्टम एक्टिव होगा।

**गेहूं, सरसों, चना को पहुंचा नुकसान**

खेतों में खड़ी गेहूं की फसल तेज हवाओं के कारण गिर रही है। रुक-रुक कर हो रही बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली है, वहीं फसलों के लिए यह नुकसानदायक साबित हो रही है। खेतों में अभी गेहूं, चने और सरसों की फसल पककर तैयार है। इसे काटने की तैयारी कर रहे थे, इस ओलावृष्टि से इन फसलों को काफी



### मैहर में बेर और जामुन के साइज के गिरे ओले

नुकसान हो सकता है। वहीं तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि से महुआ और आम को काफी नुकसान है।

**प्रदेश के अधिकतम तापमान वाले शहर**

| शहर | अधिकतम तापमान |
|---|---|
| नर्मदापुरम | 37.2 |
| खरगौन | 37.1 |
| धार | 36.2 |
| खजुराहो | 36.0 |
| टीकमगढ़ | 35.6 |

**दिन का तापमान बढ़ेगा**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि मौजूदा सिस्टम का असर 22 मार्च तक रहेगा। 24 मार्च से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। यह पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इससे मध्यप्रदेश में भी मौसम बदलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। 2 से 3 डिग्री तक पारा बढ़ जाएगा। शनिवार को मौसम साफ रहेगा। कहीं भी बारिश होने का अलर्ट नहीं है।

**पिछले 24 घंटे में ऐसा रहा प्रदेश का मौसम**

मध्यप्रदेश के 15 जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश और आंधी की स्थिति बनी रही। कहीं-कहीं तो ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार, शहडोल, अनूपपुर, सीधी, सतना, कटनी, सिंगरौली, दमोह, पन्ना, डिंडौरी, उमरिया, सागर, बालाघाट, सिवनी, जबलपुर, रीवा में बारिश और आंधी चली। 55 से अधिक शहर या कस्बों में मौसम का असर देखा गया। सागर, उमरिया समेत कई जिलों में ओले भी गिरे। वहीं, सिंगरौली में 54 किमी, रीवा में 39 किमी, जबलपुर में 34 किमी, मंडला-सागर में 30 किमी और छिंदवाड़ा में 28 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली।

## OBC आरक्षण पर कमलनाथ ने सरकार को घेरा, बोले-मेरे कार्यकाल में बना कानून, BJP का विरोधी रवैया सर्वविदित

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण पर लगी जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। लंबे समय से मध्य प्रदेश में 27



फीसदी ओबीसी आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ था। मामले में पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि मेरे मुख्यमंत्री कार्यकाल में सरकारी भर्तियों में OBC को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का क़ानून मार्च 2019 में बनाया गया था। जिसे हर स्तर पर भाजपा सरकार ने लागू होने से रोकने की कोशिश की। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार का OBC विरोधी रवैया सर्वविदित है।

**भर्तियों में 27% आरक्षण दे सकती थी सरकार**

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने सोशल साइट पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार मौजूदा क़ानून के तहत भर्तियां करने को स्वतंत्र है। उससे स्पष्ट है कि आज की स्थिति तक 27 प्रतिशत OBC रिज़र्वेशन के क़ानून पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इस तरह अगर भाजपा चाहती तो पिछले पांच साल से हुई भर्तियों में OBC को 27% आरक्षण दे सकती थी। मैं सरकार से मांग करता हूं कि अब सुप्रीम कोर्ट में OBC आरक्षण को लागू कराने के लिए पैरवी करे।

**नेता प्रतिक्ष बोले-सरकार प्रतिबद्धता दिखाए**

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी इसको लेकर एक्स पर किए गए ट्वीट में कहा है कि अब ओबीसी को 27% आरक्षण देने के लिए सरकार प्रतिबद्धता दिखाए। पूर्व सीएम कमलनाथ के कार्यकाल में ही सरकारी भर्तियों में ओबीसी को 27% आरक्षण देने का क़ानून बनाया गया था। जिसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार मौजूदा कानून के तहत विज्ञापन जारी कर भर्तियां करने को स्वतंत्र है।

## MP में बढ़ते महिला अपराधों को लेकर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन,अध्यक्ष बोलीं-सुरक्षा देने में सरकार फेल



भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश में महिला अपराधों को लेकर सियासत गरमा गई है। विधानसभा में हंगामे के बाद महिला कांग्रेस सड़क पर उतरी है। शनिवार को महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस ने कहा महिलाओं पर अपराध और अत्याचार कम नहीं हो रहे हैं। सिलसिलेवार रूप से अभियान और आंदोलन चलाए जाएंगे। प्रदेश के हर जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन होगा। इसी कड़ी में बेटी बचाओ पखवाड़ा की भी शुरुआत कांग्रेस करेगी।

प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष विभा पटेल बताया कि प्रदेश के सतना जिले में ढाई साल की मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी, सहित प्रदेश भर में महिलाओं, युवतियों, नाबालिगों के साथ प्रदेश में लगातार हो रही की घटनाओं पर कड़ी आपत्ति जताते हुए आज महिला कांग्रेस नेत्रियों द्वारा महिलाओं-बच्चियों की सुरक्षा में नाकाम प्रदेश की नाकारा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर महिला उत्पीड़न को लेकर विरोध दर्ज किया गया।

## पति पर डॉ. ऋचा की हत्या का आरोप, मां ने कहा- रात घर नहीं जाता था दामाद, दहेज में मांग रहा था घर



भोपाल (ए.)। भोपाल के शाहपुरा थाना क्षेत्र में पति के साथ रहने वाली नवविवाहिता डॉ. ऋचा पाण्डेय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला और गहराता जा रहा है। नवविवाहिता के पिता के साथ मां रेणु पाण्डेय ने भी बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस को अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है, जिससे मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

पुलिस पति डॉ. अभिजीत पाण्डेय को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रेणु ने कहा कि मेरी बेटी बहादुर लड़की थी। वह बहुत मजबूत दिल की थी। किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया, वह आत्महत्या नहीं कर सकती। दामाद दहेज में घर की मांग कर रहा था। उसी ने मेरी बेटी की हत्या की है और उसे आत्महत्या बता रहा है। शनिवार को मायके वालों के सामने डॉ. ऋचा का पोस्टमार्टम किया गया। मायके वालों ने भोपाल में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार को डॉ. ऋचा का शव शाहपुरा स्थित मकान में बिस्तर पर मिला था। पति उसे अस्पताल ले गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। सतना निवासी डॉ. अभिजीत से डॉ. ऋचा की चार माह पहले शादी हुई थी। ऋचा लखनऊ की रहने वाली थी और जबलपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया और भोपाल की हमीदिया अस्पताल से एमएस की डिग्री ली। वह वर्तमान में आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर थी।

# त्यौहार का सामाजिक एकजुटता में महत्वपूर्ण योगदान : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

### राज्यमंत्री पटेल मार्केट व्यापारी संघ के होली मिलन समारोह में हुईं शामिल



भोपाल(निप्र)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि त्योहार का सामाजिक एकजुटता में महत्वपूर्ण योगदान हैं। पर्व, त्यौहार के आयोजन से हमारी संस्कृति समृद्ध हो रही है। ये सामाजिक एकता को भी मजबूत कर रहे हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शनिवार को भानपुर भोपाल में पटेल मार्केट व्यापारी संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रही थी।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सनातनी परंपरा अनुसार त्यौहार समाज को एकजुट रखने का काम कर रहे हैं। त्यौहारों का उल्लास, उत्साह हमारे मन और जीवन को आनंद से भर देता है। हमारे त्यौहार जीवन में तनाव को दूर कर आनंद की अनुभूति कराते हैं।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि समारोह के माध्यम से सनातन संस्कृति का सम्मान करने के लिए यहां उपस्थित सभी व्यापारी बंधुओ को होली और रंग पंचमी के पावन पर्व की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ। होली मिलन समारोह में स्थानीय पार्षद विकास पटेल, राजू राठौर, नीलेश गौर, प्रकाश पटेल, विनोद साहू, प्रमोद गुप्ता,मुकेश यादव सहित व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

### पांचवीं और आठवीं की कॉपी जांचने का काम 80 प्रतिशत पूरा

भोपाल(ए.)। प्रदेश के पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम अप्रैल के दूसरे सप्ताह में घोषित होने की संभावना है। प्रदेश भर के सरकारी व निजी स्कूलों के करीब 25 लाख विद्यार्थी परिणाम के इंतजार में है।

यह परिणाम 30 मार्च को आना था, लेकिन अब तक 80 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूरा हुआ है। मूल्यांकन कार्य 24 मार्च तक समाप्त करना था। अब तीन दिन शेष है। ऐसे में मूल्यांकन कार्य पूरा होना संभव नहीं है।

वहीं शिक्षक मूल्यांकन केंद्र नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का काम नहीं पूरा हो पा रहा है। राज्य शिक्षा केंद्र ने जो समय-सारिणी तय किया था। उसके हिसाब से मार्च के अंत तक पांचवीं व आठवीं का परिणाम आना था, लेकिन अब तक 20 फीसद उत्तरपुस्तिकाओं को जांचना बाकी है।निजी स्कूलों के अंग्रेजी माध्यम के चार लाख विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने के लिए सरकारी स्कूल में शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। इस कारण निजी स्कूलों के शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का इंदौर में बिहार स्थापना दिवस पर स्नेह मिलन समारोह में गजमाला से अभिनन्दन किया।

## एम्स के डॉक्टर का चेन्नई में होगा हार्ट ट्रांसप्लांट, पीएम श्री एंबुलेंस से भेजा गया, CM ने किया ट्वीट



भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल स्थित एम्स के डॉ. जेपी शर्मा को अचानक हार्ट अटैक आने पर स्थिति काफी खराब हो गई और उन्हें अंतिम विकल्प हार्ट ट्रांसप्लांट का बताया गया, जिसके बाद पीएम श्री एंबुलेंस योजना से उन्हें चेन्नई भेजा गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ट्वीट कर इसकी जानकारी शेयर की।

**मुख्यमंत्री ने यह किया ट्वीट**

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि एम्स भोपाल में प्राध्यापक के पद पर पदस्थ प्रो. (डॉ.) जेपी शर्मा को गंभीर अवस्था में हार्ट ट्रांसप्लांट हेतु मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान अंतर्गत 'पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा' के माध्यम से चेन्नई भेजा जा रहा है। वह अति गंभीर स्थिति में कन्जेस्टिव कॉर्डियक फेलियर से पीड़ित हैं जिसमें हार्ट ट्रांसप्लांट ही अंतिम विकल्प है। डॉ. शर्मा की स्थिति संज्ञान में आते ही, मैंने तत्काल प्रभाव से उन्हें भोपाल से चेन्नई ले जाने हेतु 'पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा' उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। हम प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति की सेवा के लिए तत्पर हैं और मुझे संतोष है कि 'पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा' ऐसी गंभीर स्थितियों में देवदूत सिद्ध हो रही है, गंभीर मरीजों के लिए संकट मोचक बन रही है। बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि डॉ. शर्मा को शीघ्र उत्तम स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

### प्रदेश के जनजाति क्षेत्र झाबुआ में 158% बलात्कार के मामले बढ़े, कांग्रेस विधायक बोले- चिंता जनक स्थिति

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश के जौरा से कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय ने बताया कि विधानसभा में पूछे सवाल में गृह मंत्री ने जवाब दिया है कि प्रदेश में प्रदेश में 2024 में प्रतिदिन 20 बलात्कार हुए। वर्ष 2020 में बलात्कार की घटनाएं 6134 से बढ़कर 2024 में 7294 हो गई जिसमें 19% की वृद्धि हुई है। दी गई जानकारी ने बताया गया है कि वर्ष 2023-24 के वार्षिक प्रतिवेदन में दिए गए बलात्कार के कुल प्रकरण 5374 की जानकारी सत्य है, वास्तव में 2023 में बलात्कार के 7202 प्रकरण हुए तथा इस अवधि में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के प्रकरणों की संख्या 3831 है।

### रिश्वत कांड में फंसे टीआई को हाईकोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

भोपाल(ए.)। राजधानी भोपाल के ऐशबाग थाने में पूर्व में पदस्थ और अभी संस्पैंड होने के बाद अन्य आरोपियो के साथ फरार चल रहे एएसआई पवन रघुवंशी पर रिश्वत के 4.94 लाख रुपए घर में रखने के आरोप हैं। रिश्वत खोरी का यह मामला फर्जी कॉल सेंटर के भाडांफोड़ होने के बाद एक आरोपी को बचाने के लिये किया गया था। इस मामले में हुई एफआईआर में पवन सहित दो अन्य पुलिसकर्मी और ऐशबाग थाने के ही निलंबित टीआई जितेंद्र गढ़वाल को आरोपी बनाया गया है। फिलहाल टीआई को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करते हुए उन्हें जमानत का लाभ दे दिया है। हाईकोर्ट जज मनिंदर एस भट्टी की कोर्ट ने उनको अग्रिम जमानत का लाभ दिया है। इधर केस के मुख्य आरोपी एएसआई पवन रघुवंशी अब भी फरार है। उसके साथ एएसआई मनोज सिंह और प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य आरोपी मोइन अंशुल पार्षद भी फरार हैं। इससे पहले निचली अदालत ने सुनवाई होने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत देने से इंकार कर दिया था।

## देर रात तीन घंटे तक सुलगता रहा इकोलॉजिकल पार्क, फिर भी साफ नहीं हुआ कचरा





भोपाल (ए.)। लहारपुर इलाके के इकोलॉजिकल पार्क पर शनिवार रविवार की दरमियानी रात एक बजे आग लग गई। आसपास की कॉलोनियों के लोग इस पार्क के पास ही कचरा फेंकते हैं। बताया जा रहा है कि कचरे में लगी आग के कारण ही पार्क में भी आग लग गई। आग की चपेट में आने के कारण पार्क में लगे सैकड़ों पौधे झुलस गए हैं। दर्जन भर दमकल गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए करीब तीन घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। रात तीन बजे के बाद आग बुझाई जा सकी। इस पार्क में पूर्व में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद पार्क से कचरे को नहीं हटाया जा सका। आग से कुछ औषधीय गुणों वाले पौधे भी झुलस गए हैं।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात लहारपुर स्थित पार्क में आग लग गई थी। आग रात करीब एक बजे लगी। लोगों ने जब आग की लपटें देखीं तो तुरंत ही दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। रात में ही आसपास के फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया जा सका। करीब तीन घंटे में आग बुझाई जा सकी। बताया जा रहा है कि पूरे पार्क में कचरा फैला हुआ है। नगर निगम और वन विभाग का ध्यान नहीं है। इसी कचरे में आग लगी। पार्क में अलग-अलग जगहों पर पड़े कचरे में आग सुलगती रही। इस पार्क में हर साल आगजनी की घटना होगी है। कभी नरवाई की वजह से आग लगती है, तो कभी कचरे के कारण। बावजूद न तो वन विभाग के अफसर अलर्ट हैं और न ही निगम कचरा उठाता है। इस पार्क से बाग मुगालिया एक्सटेंशन, कटारा हिल्स, लहारपुर, आसाराम नगर, ग्लोबल पार्क सिटी, अमलतास अपार्टमेंट्स रामायण सिटी, विवेकानंद परिसर, गौरीशंकर कौशल कैंपस समेत कई रहवासी इलाके जुड़े हैं। पार्क में लगी आग अगर बढ़ती तो बड़ा नुकसान भी हो सकता था। गौरतलब है कि आसपास के लोगों के लिए यह पार्क बहुत अहमियत रखता है। लोग रोजाना यहां पर सुबह और शाम की सैर के लिए पहुंचते हैं। इस क्षेत्र के निवासी और समाजसेवी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि पार्क में कचरा फेंकने से आग लगी थी।

# फर्जी एनओसी तैयार कर बेच दी पांच करोड़ की सरकारी जमीन, अब धोखाधड़ी का केस दर्ज

## एसडीएम की जांच में हुआ खुलासा, भू-माफिया ने बनवाई फर्जी एनओसी




शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी नगर पालिका के फर्जी एनओसी के माध्यम से पांच करोड़ रुपये मूल्य की एक सरकारी जमीन बेचने के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। शिवपुरी एसडीएम को हुई एक शिकायत के बाद यह कार्रवाई की है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने एसडीएम के पत्र पर सरकारी जमीन को बेचने के मामले में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपियों ने नगर पालिका से फर्जी एनओसी बनाकर इस वारदात को अंजाम दिया और पूरे मामले की जांच पहले एसडीएम ने की थी, जांच के बाद ही संबंधित पर प्रकरण दर्ज कराए गए हैं।

बताया जा रहा है कि पटवारी आनंद यादव ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि शहर के फिजिकल क्षेत्र स्थित झींगुरा में 2700 वर्ग फीट जमीन, जोकि शासकीय थी। उस जमीन की कुछ लोगों ने नगर पालिका से फर्जी एनओसी बनाकर लाखों रुपये में विक्रय कर दिया। इस जमीन को भू-माफिया बद्री धाकड़ और मंजू पत्नी सतीश अग्रवाल ने खरीदा था। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने भी इस जमीन को औने-पौने दामों में खरीदा था। बाद में किसी एडवोकेट ने एसडीएम उमेश कौरव के पास शिकायत दर्ज कराई थी कि शासकीय जमीन को बेचा गया है।

शिकायत के बाद मामले की जब एसडीएम ने जांच कराई तो भूमि शासकीय निकली। इस मामले में एसडीएम ने चार दिन पूर्व ही क्रेता, विक्रेता, दलाल और गवाहों सहित अन्य पर केस दर्ज करने के आदेश सीएमओ नगर पालिका को दिए थे, लेकिन जब नगर पालिका ने मामले में केस दर्ज नहीं कराया तो एसडीएम ने पटवारी को कोतवाली पहुंचाकर जमीन को बेचने वाले सीताराम गौड़, विजय गौड़, कन्हैया गौड़, रवि विश्वकर्मा, धन्नो गौड़, आनंदी गौड़, महादेवी विश्वकर्मा, राजेश कुशवाह, रामनिवास रावत सहित अन्य आरोपीगण पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

**इस मामले में दो लोगों पर अभी भी नहीं हुई एफआईआर**

बताया जा रहा है कि पूर्व एसडीएम ने विक्रेताओं पर भी इस मामले में कार्रवाई के लिए लिखा था, लेकिन इन्हें अब बचा लिय गया है। बताया जा रहा है कि पूरे मामले से क्रेता बद्री धाकड़ और मंजू पत्नी सतीश अग्रवाल को इस मामले से अचानक से अलग कर दिया गया। ऐसे में शहर में चर्चा है कि सांठगांठ कर इन बड़े कॉलोनाइजरों के नाम मामले से हटाए गए हैं।

## भतीजों ने बुजुर्ग चाचा को डंडों से बुरी तरह पीटा, इलाज के दौरान मौत, मारपीट का वीडियो वायरल

टीमकगढ़ (ए.)। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के सूरजपुर गांव में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है।



जानकारी के अनुसार, टीकमगढ़ जिले के बल्देवगढ़ पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले सूरजपुर गांव में 60 वर्षीय गोरेलाल लोधी को खरगापुर से घर लौटते समय उसके भतीजों ने रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। गंभीर रूप से घायल गोरेलाल को इलाज के लिए टीकमगढ़ जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे पुष्पेंद्र लोधी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## पुलिस पर गोली चलाने वाले कासिम पर NSA लगाने की तैयारी, एसपी ने भेजी फाइल, बदमाश पर दर्ज हैं 23 केस



दमोह (ए.)। दमोह जिले के देहात थाना क्षेत्र के राजनगर क्षेत्र में बुधवार सुबह पुलिस टीम पर हमला करने वाले हिस्ट्रीशीटर कासिम कुरैशी पर अब पुलिस ने एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) लगाने की तैयारी कर ली है। मामले से जुड़ी फाइल कलेक्टर के पास भेजी गई है। कासिम कुरैशी के खिलाफ पहले से 23 केस दर्ज थे, ऐसे सवाल यह भी उठ रहा है कि पर इतने सारे मामले होने के बाद भी उस पर जिला बदर और एनएसए की कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

इधर, एएसआई पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर ली है। लेकिन, वह अभी सागर मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। जल्द ही उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। वहीं, हमले में घायल एएसआई आनंद अहिरवार का इलाज जबलपुर में चल रहा है। उनकी हालत भी स्थिर बताई जा रही है।

## बाल विवाह रोकने पहुंची टीम, नाबालिग ने दी आत्महत्या की धमकी, पिता ने किया जबरन विवाह

इंदौर (ए.)। सांवेर के बूढ़ी बरलई गांव में एक नाबालिग के विवाह की सूचना मिलने पर बाल विवाह उड़नदस्ता मौके पर पहुंचा, लेकिन वहां पूरा परिवार इस विवाह को रोकने के विरोध में खड़ा हो गया। पिता द्वारा किए गए खर्च और विवाह की तैयारियों को देखते हुए नाबालिग स्वयं आगे आई और विवाह न होने पर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। रोते हुए उसने कहा कि अगर आज उसकी शादी नहीं हुई तो वह अपनी जान दे देगी।



**प्रशासन की कड़ी कार्रवाई, सगाई पर अड़ा परिवार**

बाल विवाह उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक, पुलिस निरीक्षक सुमन तिवारी, सीमा तिवारी, कोर ग्रुप सदस्य शैलेष शर्मा, मोनिका बघाय, सुकन्या पाटीदार और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी टीम वहां पहुंची। लेकिन जब परिवार नहीं माना तो तहसीलदार पूनम तोमर को भी मौके पर पहुंचना पड़ा। उन्होंने परिवार को समझाया कि बाल विवाह कराने पर दो साल की जेल और एक लाख रुपए का दंड हो सकता है। अंततः प्रशासन की समझाइश के बाद विवाह को रोका गया, लेकिन परिवार सगाई कराने पर अड़ा रहा।

**पिता द्वारा जबरन विवाह, बालिका ने की शिकायत**

इसके विपरीत, पालदा में रहने वाली एक नाबालिग का विवाह उसके पिता द्वारा जबरन एक सप्ताह पहले करवा दिया गया था। लड़की इस विवाह से खुश नहीं थी और उसने इसका विरोध करने का साहस दिखाया। विवाह की जबरदस्ती के खिलाफ उसने पुलिस थाना भंवरकुआं में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की।

## सायबर सेल की बड़ी सफलता, ठगे हुए 1.59 लाख रुपये पीड़ितों को लौटाए

उमरिया(ए.)। उमरिया जिले में साइबर अपराधों पर नियंत्रण लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के नेतृत्व में साइबर सेल ने प्रभावी कदम उठाए हैं। हाल ही में, साइबर सेल ने चार पीड़ितों के खातों में 1,59,750 रुपये की ठगी गई राशि वापस कराई है। ये ठगी की घटनाएं विभिन्न तरीकों से हुई थीं, जिनमें सरकारी योजनाओं का झांसा, अनजान APK फाइल डाउनलोड करवाना और रिश्तेदार बनकर धोखाधड़ी करना शामिल था।

# नशेड़ियों का तांडव, रातभर तोड़े वाहन, दहशत में शहर

इंदौर (ए.)। रात के अंधेरे में नशे में धुत सिरफिरे उपद्रवियों ने शहर में आतंक मचा दिया। राज नगर, कालानी नगर और टेकचंद धर्मशाला के पास खड़े कई वाहनों को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। इन सिरफिरों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों को निशाना बनाया और पत्थर-डंडों से उनकी तोड़फोड़ की। घटना का पता सुबह चला, जब स्थानीय रहवासी सोकर उठे और अपने घरों के बाहर आकर देखा। इसके बाद सभी पीड़ित वाहन मालिक शिकायत दर्ज कराने चंदन नगर थाने पहुंचे।

**13 वाहन मालिकों ने दर्ज करवाई शिकायत**

चंदन नगर थाना क्षेत्र में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। अब तक करीब 13 वाहन मालिकों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ये सभी वाहन मालिक राज नगर से लेकर कालानी नगर के रहने वाले हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, उपद्रवियों का एक समूह दोपहिया वाहनों पर सवार होकर आया और नशे की हालत में उन्होंने खड़े वाहनों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। किसी भी वाहन को देखकर वे गुस्से में पत्थर और डंडे लेकर टूट पड़ते थे।



**उपद्रवियों का कहर, सीसीटीवी में कैद होने की संभावना**

रहवासियों का कहना है कि यह घटना संभवतः आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई होगी। इस उम्मीद में पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कही है। चश्मदीदों के अनुसार, ये सिरफिरे नशे में इतने चूर थे कि उन्होंने एक के बाद एक कई वाहनों को निशाना बनाया और उन्हें बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। इस तोड़फोड़ से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है, क्योंकि कोई नहीं जानता कि अगली बार ये सिरफिरे किसे निशाना बनाएंगे।

**शहर में पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं**

यह पहली बार नहीं है जब शहर में इस तरह की घटना घटी हो। इससे पहले भी कई इलाकों में इस तरह की तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की बात कही जाती है, लेकिन अपराधियों के हौसले कम होते नहीं दिख रहे हैं।

## पत्नी बिना बताए मायके गई तो पति भड़का, 100 किमी बाइक चलाकर ससुराल पहुंचा, दहेज में मिली गाड़ी फूंकी

शहडोल (ए.)। शहडोल जिले में एक महिला को अपने पति को बिना बताए मायके आना महंगा पड़ गया। इससे गुस्साया पति बाइक से 100 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने ससुराल पहुंचा और दहेज में मिली चार पहिया गाड़ी में आग लगा दी। यह घटना अमलाई के खमरौध गांव में बीती रात की है।

जानकारी के अनुसार पुष्पांजली सिंह का विवाह 2021 में सीधी जिले के दादर गांव निवासी दिनेश सिंह से हुआ था। विवाह के बाद पति-पत्नी दादर गांव में ही रहते थे। दहेज में उसे बोलेरो वाहन मिला था। शुक्रवार को पुष्पांजली सिंह की मां की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसकी जानकारी मां ने अपनी बेटी को फोन पर दी। इसके बाद पुष्पांजली बच्चों के साथ गांव के ड्राइवर को लेकर गाड़ी से अपने मायके खमरौध चली गई।



पुष्पांजली सिंह ने बताया कि मां की तबीयत ज्यादा खराब है, इसकी जानकारी मुझे मिली तो मैंने पति से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन, काम में व्यस्त होने के करण उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा था। ऐसे में वह घर के अन्य लोगों को बताकर बच्चों के साथ ड्राइवर को लेकर मायके आ गई। इस बात को लेकर पति नाराज हो गए। मायके पहुंचने पर र पति से कॉल पर बात हुई तो वह तत्काल वापस आने की बात कहने लगे। उसने पति को समझाने की कोशिश की, कह कि मां की तबीयत ठीक होते ही वापस आ जाऊंगी, लेकिन पति नहीं माना।

पत्नी के तुरंत वापस नहीं आने पर और गुस्साया दिनेश सिंह बाइक से 100 किलोमीटर की दूरी तय कर रात में ही अपने ससुराल खमरौध पहुंचा। वहां पहुंचते ही वह पत्नी को अपने साथ ले जाने की जिद करने लगा, लेकिन पत्नी ने मां की तबीयत ठीक होने के बाद ही वापस जाने की बात कही। इसके बाद उसने अपने साथ लाई पेट्रोल से भरी बोतल घर के बाहर खड़ी दहेज में मिली गाड़ी पर डाल दी और आग लगा दी।

# व्यापार समाचार

## नीलाम हुआ ट्विटर का आइकॉनिक नीला चिड़िया लोगो

मुंबई (ए.)। एलन मस्क द्वारा ट्विटर के अधिग्रहण के बाद, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के कई पुराने प्रतीकों को हटाया गया। इसी कड़ी में ट्विटर का आइकॉनिक नीली चिड़िया लोगो, जो कभी इसकी पहचान हुआ करता था, 34,375 डॉलर (करीब 29 लाख रुपए) में नीलाम हुआ। यह लोगो सैन फ्रांसिस्को स्थित ट्विटर मुख्यालय पर लगा था और 254 किलोग्राम वजनी व 12 फीट लंबे, 9 फीट चौड़े आकार का था। हालांकि, इसे खरीदने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी गई है। गौरतलब है कि एलन मस्क ने 2022 में ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर (करीब 3,368 अरब रुपए) में खरीदा था। अधिग्रहण के समय मस्क ने कहा था कि वह फ्री स्पीच को बढ़ावा देने और नए फीचर्स के साथ ट्विटर को एक बेहतर प्लेटफॉर्म बनाने पर काम करेंगे।

## सेंसेक्स और निफ्टी में चार फीसदी से अधिक तेजी रही

**- सेंसेक्स 557.45 अंक उछलकर 76,905.51 पर बंद**
**- निफ्टी 159.75 अंक बढ़कर 23,350.40 पर बंद**




मुंबई (ए.)। इस सप्ताह निचले स्तर पर खरीदारी और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के बाजार में लौटने की आस में बेंचमार्क सूचकांकों ने चार साल की सबसे लंबी साप्ताहिक छलांग लगाई है। इस हफ्ते दोनों सूचकांकों में 4.3 फीसदी की तेजी आई। 22 जुलाई 2022 के बाद सेंसेक्स का यह सबसे अच्छा साप्ताहिक प्रदर्शन रहा। विश्लेषकों के अनुसार निचले स्तर पर लिवाली से बाजार में तेजी आई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस साल ब्याज दर में दो बार कटौती का अनुमान लगाया है जिससे भी निवेशकों का हौसला बढ़ा है। इस सप्ताह सेंसेक्स के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के चलते बैंकिंग, वित्तीय और ऑटो शेयरों में बढ़त के साथ कारोबार शुरू हुआ। प्रमुख भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को बढ़त के साथ खुले। बीएसई का सेंसेक्स 374 अंक बढ़कर 74,203 पर खुला और 341.04 अंकों की बढ़त के साथ 74,169.95 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी 50 119 अंक बढ़कर 22,517 पर खुला और 111.55 अंकों की बढ़त लेकर 22,508.75 अंकों पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी के कारण मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स सूचकांक 900 अंक से अधिक उछलकर 75,000 अंक पर खुला और 1,131.31 अंक प्रतिशत बढ़कर 75,301.26 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 265.9 अंक बढ़कर 22,774.65 अंक पर खुला और निफ्टी 325 अंक चढ़कर 22,834 पर बंद हुआ है।

## एलआईसी ने की हेल्थ इंश्योरेंस में प्रवेश की घोषणा




मुंबई (ए.)। लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) ने अपने ग्राहकों के लिए बड़ी घोषणा की है, और इस बार यह केवल जीवन बीमा सेवाओं के लिए नहीं है। एलआईसी अब हेल्थ इंश्योरेंस क्षेत्र में भी पहुंचने को तैयार है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी सिद्धार्थ मोहंती ने बताया कि एलआईसी एक और कंपनी के साथ साझेदारी करने जो कि प्रक्रिया में है, और 31 मार्च से पहले इस डील की घोषणा हो सकती है। साझेदारी के लिए चयन किया जा रहा है, लेकिन कंपनी का नाम अभी तक रहस्यमय है। मीडिया से बातचीत के दौरान कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि यह संभावित है कि एलआईसी की नई साझाकर्ता मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस हो सकती है। एलआईसी के लिए स्वास्थ्य इंश्योरेंस में एंट्री का फैसला विश्वासी और स्वाभाविक है। एलआईसी इस साझेदारी के जरिये केवल 51 प्रतिशत या उससे कम हिस्सेदारी खरीदेगी, जिसका निर्धारण कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा किए गए मूल्यांकन और अन्य कारकों पर आधारित होगा। एलआईसी के हेल्थ इंश्योरेंस में प्रवेश से आम लोगों के लिए एक नई सुविधा का उम्मीदवादी मार्ग खुलने वाला है।

## अमेरिका ने उतारा दुनिया का सबसे अत्याधुनिक फाइटर जेट एफ-47

**एफ-47 ने आधुनिक हवाई युद्ध की नई पीढ़ी को जन्म देने की योजना बनाई**



वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका ने अपनी सैन्य शक्ति को और बढ़ाने के लिए दुनिया का सबसे अत्याधुनिक फाइटर जेट एफ-47 को पेश किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस फाइटर जेट को दुनिया के सामने रखकर उसकी महामारी और अद्भुत क्षमताओं की हस्ताक्षर किए। एफ-47 ने अपने गुप्त रूप से उड़ान भरने की योग्यता और हाई-टेक नेक्स्ट-जनरेशन ड्रोन के साथ काम करने की क्षमता से लोगों को चौंका दिया है। ट्रंप ने बताया कि एफ-47 का यह कॉन्ट्रेक्ट एफ-22 स्टील्थ वॉरप्लेन के रिप्लेसमेंट के लिए है, जो 1980 के दशक में डेवलप किया गया था। इस नए फाइटर जेट का मानव-संचालित जेट होगा, जो विशेष रूप से चीन और अन्य दुश्मनों के एयर डिफेंस सिस्टम को चुनौती देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी कीमत के बारे में सोचने से पहले ही कोई भी विमान 300 मिलियन डॉलर की कीमत से ऊपर हो सकती है, जो कि एक बड़ा और महत्वपूर्ण निवेश हो सकता है। यूएस एयरफोर्स के उच्च स्तरीय अधिकारी ने बताया कि एफ-47 ने आधुनिक हवाई युद्ध की नई पीढ़ी को जन्म देने की योजना बनाई है। इसका वास्तविक नाम अभी तक आधिकारिक तौर से खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इस उपलब्धि के माध्यम से अमेरिका ने अपनी सुरक्षा में एक नया मोर्चा स्थापित किया है।

# बैंक कर्ज 11 फीसदी बढ़ा, जमा में 10% उछाल; अब महिंद्रा के वाहन भी तीन फीसदी तक होंगे महंगे

**मुंबई ( ए. )।** बैंकों का कर्ज 7 मार्च को समाप्त पखवाड़े तक सालाना आधार पर 11.1 फीसदी की वृद्धि के साथ 225.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। इस अवधि तक बैंकों में जमा राशि 10.2 फीसदी बढ़कर 181.28 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मूल्य के लिहाज से देखों तो 7 मार्च को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज 1.38 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है, जबकि जमा राशि में 2.25 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। बैंकिंग क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि नकदी की कमी और जमा राशि जुटाने के दबाव के कारण बैंक आक्रामक तरीके से कर्ज देने से बच रहे हैं। निजी क्षेत्र के कई बड़े बैंक अपने कर्ज-जमा अनुपात को घटाने पर ध्यान दे रहे हैं। इस कारण पिछले कुछ महीनों में कर्ज वृद्धि की रफ्तार घटी है। हालांकि, आरबीआई के तरलता कवरेज अनुपात ढांचा और एनबीएफसी पर बढ़े जोखिम भार को वापस लेने जैसे कदमों से आने वाले महीनों में बैंकों के कर्ज बांटने की रफ्तार बढ़ सकती है।




**महिंद्रा के वाहन भी तीन फीसदी तक होंगे महंगे**

महिंद्रा एंड महिंद्रा भी अप्रैल से एसयूवी व वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन फीसदी तक बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा, बढ़ती उत्पादन लागत और जिंसों की कीमतों में वृद्धि से यह फैसला लिया गया है। मारुति समेत कई कंपनियां भी दाम बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं।

**मुंबई 70,000 भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट और खाते हटाए गए**

बाजार नियामक सेबी ने पिछले साल 'फिन-इन्फ्लुएंसर' ढांचे के लागू होने के बाद से सोशल मीडिया मंचों से 70,000 भ्रामक खाते और पोस्ट हटाए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी ने शुक्रवार को कहा, अपंजीकृत निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषक एक खतरा हैं, जो निवेश में लोगों की बढ़ती रुचि का फायदा उठा रहे हैं। ऐसे सलाहकारों से लोगों को बचाने के प्रयासों के तहत अक्तूबर, 2024 से अब तक सेबी ने 70,000 से अधिक भ्रामक खातों और पोस्ट को हटाने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों के साथ काम किया है। पंजीकृत निवेश सलाहकारों के कार्यक्रम में अनंत नारायण ने बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने में सलाहकारों की मदद मांगी। साथ ही, सेबी पंजीकृत संस्थाओं की पहचान में मदद के लिए यूपीआई 'पेराइट' खाते और इस दिशा में नियामक के प्रयासों के रूप में वैकल्पिक केंद्रीकृत शुल्क संग्रह तंत्र का उल्लेख किया।

## भारत ने कोयला उत्पादन में रचा इतिहास, 1 अरब टन के पार

**देश की ऊर्जा मांग पूरी करने में मदद मिलेगी**



मुंबई (ए.)। भारत ने कोयला उत्पादन में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है, जिसके माध्यम से देश ने 1 अरब टन को पार कर लिया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि दिखाती है कि कोयला उत्पादन क्षेत्र में भारत की प्रगति निरंतर जारी है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने इस सफलता को साझा करते हुए बताया कि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ सुरक्षित और जिम्मेदार खनन की व्यवस्था को भी मजबूती से संभाला गया है। इस उपलब्धि से देश की ऊर्जा मांग पूरी करने में मदद मिलेगी और आर्थिक विकास को गति देने में सहायक साबित होगी। कोविड काल के दौरान कोयले की मांग में तेजी से वृद्धि के साथ, देश ने अपने उत्पादन में उछाल देखा है। निजी स्वामित्व वाली खदानों और कोल इंडिया के सहयोग से इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल किया गया है। कोल इंडिया ने बताया कि देश में स्वदेशी उत्पादन के मामले में यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण कदम है और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण क्रांति उल्लेखनीय ढंग से साकार हो रही है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## नई चोट, नए जख्म

इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा। स्पष्टत: यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। इससे भारत का आर्थिक दुश्चक्र और संगीन हो रहा है।

अमेरिका के टैरिफ वॉर से पहले से ही कमजोर भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर नए जख्म लग रहे हैं। इसकी एक मिसाल औषधि उद्योग है, जहां अनेक दवा कारखानों के बंद होने का अंदेशा गहरा गया है।

रुबिक्स डेटा एजेंसी के आकलन के मुताबिक अमेरिका में ऊंची शुल्क दर से यहां उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाइयां मुकाबले में पिछड़ने लगेंगी।

इसकी सबसे तीखी मार जेनेरिक फॉर्मूलेशन, एक्टिव फॉर्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंटेस, और कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च, डेवपमेंट एंड मैनुफैक्चरिंग संगठन पर पड़ने की आशंका है। इस बीच टैरिफ वॉर से शेयर बाजार में उथल-पुथल बढ़ी है।

वैसे ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय बाजारों से पैसा निकाल रहे थे, लेकिन ट्रंप काल में ये रफ्तार और तेज हो गई है। कोरोना के बाद शेयर बाजारों में उछाल

सितंबर के बाद से ये निवेशक 27 बिलियन डॉलर से अधिक रकम निकाल चुके हैं। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक 2008 की वैश्विक मंदी के बाद से भारतीय बाजार में यह एफआईआई की सबसे बड़ी बिकवाली है। इसका सीधा असर मध्य वर्गीय परिवारों में महसूस किया जा रहा है। कोरोना काल के बाद शेयर बाजारों में आई उछाल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय संपत्तियों में निवेश के लिए प्रेरित किया। दस करोड़ से अधिक नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया। अपनी बचत- और कुछ लोगों ने तो कर्ज तक लेकर इस कारोबार में पैसा लगाया। शेयरों की बढ़ती कीमत ने उनमें समृद्धि की नई आस जगाई थी। लेकिन अब अचानक इस पर तुषारापात हुआ है। लोगों की बनी रकम हवा में गायब हो रही है। अब तक बाजार से लगभग एक लाख करोड़ रुपये हवा हो गए हैँ। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एक विशेषज्ञ ने आगाह किया है कि इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा।

स्पष्टत: यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। तो कुल मिला कर भारत का आर्थिक दुश्चक्र संगीन हो रहा है। वित्तीय संपत्तियों में उछाल जमीनी अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब तो नहीं थी, मगर उसमें गिरावट से वास्तिवक अर्थव्यवस्था पर भी ग्रहण अधिक अंधकारमय होता दिख रहा है।



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में 'पर्पल फेस्ट दिल्ली 2025' में भाग लेती हुई।

# शिष्टाचार पुलिस क्या बला है?

**अजीत द्विवेदी**

पुलिस और शिष्टाचार आमतौर पर एक दूसरे के विपर्यय यानी एक दूसरे के विपरीत अर्थ वाले माने जाते हैं। तभी जब भी पुलिस सुधारों की बात होती है तो सबसे पहले पुलिसकर्मियों को शिष्टाचार का प्रशिक्षण देने की बात कही जाती है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक रहे प्रकाश सिंह ने भी अपनी सिफारिशों में यह बात कही है तो देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने कई इंटरव्यू में इस पर जोर दिया कि पुलिस को आधुनिक तकनीक व हथियारों का प्रशिक्षण देने के साथ साथ सार्वजनिक जीवन में आम नागरिकों के साथ सभ्य और सलीके का व्यवहार करने का प्रशिक्षण भी देना चाहिए। दुनिया के सभ्य व विकसित देशों में नागरिक पुलिस को दोस्त मानते हैं तभी वहां अभिभावक अपने बच्चों को किसी भी संकट की स्थिति में पुलिस के पास जाने की सलाह देते हैं, जबकि भारत में भले लोग यज्ञ, हवन आदि कराते हैं कि पुलिस से पाला न पड़े। अभिभावक अपने बच्चों को पुलिस से दूर रहने की सलाह देते हैं। कुल मिला कर स्थिति यह है कि पुलिस की मौजूदगी आमतौर पर लोगों को सुरक्षा का अहसास नहीं कराती है, बल्कि भय और असुरक्षा का भाव पैदा करती है।

तभी दिल्ली में 'एंटी ईव टीजिंग स्क्वॉड' का गठन और उसका नाम 'शिष्टाचार स्क्वॉड' रखने का दिल्ली सरकार का फैसला बहुत दिलचस्प जान पड़ता है। यह मानने में कोई हिचक नहीं है कि यह फैसला राजनीतिक है और राजनीतिक कारणों से किया गया है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार ने एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया, जिसका घोषित मकसद तो महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना था लेकिन असल में लव जिहाद के अपने चुनावी एजेंडे को ध्यान में रख कर राज्य सरकार ने यह फैसला किया था। राजधानी दिल्ली में सीधे तौर पर लव जिहाद रोकने के लिए किसी एंटी रोमियो स्क्वॉड के गठन की बात नहीं की जा सकती थी इसलिए महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ और अपराध को रोकने के लिए 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बनाने की घोषणा हुई है।

ऐसा लग रहा है कि यह स्क्वॉड शिष्टाचार की बजाय नैतिकता पुलिस के तौर पर काम करेगी। इससे लड़कियां और महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी या नहीं यह नहीं कहा जा सकता है लेकिन युवा जोड़े इनसे आशंकित जरूर रहेंगे। बजरंग दल के कार्यकर्ता वेलेंटाइन डे वगैरह पर जो काम अनधिकृत रूप से करते हैं उसी से मिलता जुलता काम यह स्क्वॉड सालों भर अधिकृत रूप से करेगा। यह भाजपा की नई राज्य सरकार का



एजेंडा इसलिए भी लग रहा है क्योंकि आम आदमी पार्टी की 10 साल की सरकार के समय भी तो पुलिस केंद्र की भाजपा सरकार के पास ही थी। तब इस तरह का स्क्वॉड बनाने की जरुरत क्यों नहीं महसूस की गई थी?

ऐसा मानने का आधार यह भी है कि अगर दिल्ली सरकार चाहती है कि वह महिलाओं को सुरक्षित रखे भी और सुरक्षित महसूस भी कराए तो उसके लिए अलग से किसी पुलिस फोर्स की जरुरत नहीं है। सामान्य पुलिसिंग को चाक चौबंद करके ऐसा किया जा सकता है। महिलाओं के साथ अपराध की जो शिकायतें पुलिस के पास पहुंचती है उन शिकायतों को तत्काल दर्ज किया जाए और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तो अपने आप महिलाओं के प्रति अपराध में कमी आएगी। ऐसे ही महिलाओं के खिलाफ अपराध के जो मामले पहले से दर्ज हैं अगर पुलिस उन मामलों में जल्दी से जल्दी सजा करा देती है तो उससे भी अपराधियों में खौफ बनेगा।

यह ध्यान रखने की जरुरत है कि सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं के साथ उतने अपराध नहीं होते, जितने घरों में, परिचितों की मौजूदगी में, स्कूल व कॉलेजों में या कार्यस्थलों पर होते हैं। वहां न तो पुलिस मौजूद रह सकती है और न 'शिष्टाचार स्क्वॉड' के लोग मौजूद रहेंगे। इसलिए महिलाओं को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना होगा कि वे झिझक छोड़ कर या पुलिस का डर छोड़ कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उनमें यह भरोसा स्थापित करना होगा कि थानों में उनके साथ बदसलूकी नहीं होगी या उनकी कमजोरी का फायदा नहीं उठाया जाएगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी शिकायत पर पुलिस ईमानदारी से और त्वरित कार्रवाई करेगी। यह सुनिश्चित करने की बजाय सरकार 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बना रही है, जबकि यह काम सामान्य पुलिसिंग के जरिए हो सकता है।

महिलाओं के साथ छेड़छाड़ या उनके प्रति अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए इस तरह के दिखावे की जरुरत नहीं है, बल्कि व्यापक और समग्र योजना बनाने की जरुरत है। इसमें महिला थानों व महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाना एक उपाय है। पुलिसकर्मियों को नागरिकों और खास कर महिलाओं के साथ सलीके का व्यवहार करने का प्रशिक्षण देना दूसरा उपाय है। अभियोजन के लिए अलग शाखा या स्क्वॉड बनाना भी एक उपाय है ताकि जो मामले पुलिस के पास पहुंचे उनमें जल्दी से जल्दी न्यायिक कार्रवाई पूरी कराई जा सके।

न्यायपालिका में भी जैसे पॉक्सो मामलों के लिए अलग अदालतें हैं वैसे ही महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए अलग से व्यवस्था करने की जरुरत है। अगर थाने में शिकायत लेकर जाने में महिलाएं सुरक्षित और सहज महसूस करने लगें और उन्हें भरोसा बने की पुलिस की जांच और न्यायिक प्रक्रिया उनके लिए सजा नहीं बन जाएगी तो वे खुद ब खुद आगे आएंगी और अपने ऊपर होने वाले अपराध की शिकायत करेंगी। इसकी बजाय पुलिस अगर अपराध खोजने जाती है तो उसके कई खतरे हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि पुलिस सार्वजनिक जगहों पर, पार्क, गार्डेन आदि में और मॉल्स में मोरल पुलिसिंग में लग जाएगी। ऐसा न हो यह सरकार और पुलिस दोनों को सुनिश्चित करना होगा।

इस पूरी प्रक्रिया में एक बड़ा सवाल सरकार की प्राथमिकता का भी है। क्या दिल्ली को विश्वस्तरीय राजधानी बनाने के लिए पुलिसिंग की पहली जरुरत यही है कि 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बनाया जाए? राजधानी दिल्ली गैंगस्टर्स की राजधानी बन गई है। यहां दर्जनों गैंग ऑपरेट करते हैं, जो बड़े अपराध को अंजाम देते हैं। 'इंडियन एक्सप्रेस' की एक रिपोर्ट के मुताबिक कम से कम 12 गैंग ऐसे हैं, जिनके सरगना विदेश में हैं और राजधानी व एनसीआर के इलाके में गैंग चला रहे हैं। हिमांशु भाऊ अमेरिका में है तो कपिल सांगवान ब्रिटेन में है। बरार अमेरिका में, अर्श डल्ला कनाडा में, रोहित गोदारा कनाडा में, जग्गा धुरकोट अमेरिका में, लक्की पटियाल आर्मेनिया में, अमरजीत बिश्नोई इटली में, वीरेंद्र चरण अमेरिका में, नवीन बॉक्सर दुबई में, सुभाष बराला दुबई में तो नोनी राणा इटली में है। इनके गैंग राजधानी दिल्ली व एनसीआर में रंगदारी वसूलने और लोगों को डराने का काम करता है। इनके अलावा काला जठेड़ी या हाशिम बावा जैसे अनेक गैंग और हैं, जिनके सरगना विदेश में नहीं हैं।

# कितनी लड़ाई लड़ेंगे दक्षिणी राज्य?

अजीत द्विवेदी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आमंत्रण पर शनिवार, 22 मार्च को आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधि चेन्नई में जुटने वाले हैं। तमिलनाडु के अलावा केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होंगे। इनके अलावा दो पूर्वी राज्य, पश्चिम बंगाल और ओडिशा और एक उत्तरी राज्य पंजाब को भी न्योता दिया गया है। इन राज्यों के प्रतिनिधि मुख्य रूप से लोकसभा सीटों के परिसीमन पर चर्चा करेंगे। परिसीमन के अलावा दक्षिणी राज्यों ने कई अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ी है। आंध्र प्रदेश को छोड़ कर तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना में भाजपा विरोधी दलों की सरकार है। ये सभी सरकारें आशंकित हैं। उनकी आशंका कुछ तो जायज कारणों से है और कुछ राजनीतिक कारणों से भी है। कम से कम चार मसले ऐसे हैं, जिन पर इन राज्यों ने मोर्चा खोला है। एक मसला वित्त का है। दक्षिण भारतीय राज्यों का कहना है कि वे ज्यादा कर दे रहे हैं और जीडीपी में ज्यादा भागीदारी दे रहे हैं लेकिन उस अनुपात में उनको केंद्रीय बजट से कम पैसे मिलते हैं और करों में भी उनकी हिस्सेदारी कम होती जा रही है। दूसरा मुद्दा शिक्षा का है। नई शिक्षा नीति को लेकर ये राज्य केंद्र का विरोध कर रहे हैं। इससे पहले मेडिकल में दाखिले के लिए होने वाली नीट परीक्षा का भी तमिलनाडु ने विरोध किया था। नई शिक्षा नीति के मसले पर तो चार दक्षिणी राज्यों के साथ हिमाचल प्रदेश और झारखंड की दो सरकारें भी शामिल हैं। तीसरा मुद्दा भाषा का है, जिस पर लड़ाई की कमान तमिलनाडु ने संभाली है और चौथा मुद्दा परिसीमन का है, जिस पर सभी दक्षिणी राज्य लड़ने को तैयार हैं और दूसरी विपक्षी पार्टियों को भी इस लड़ाई में शामिल कर रही हैं।

इन सभी मुद्दों की अपनी अपनी जगह पर अहमियत है लेकिन उससे बड़ा सवाल यह है कि क्या इतने मुद्दों पर केंद्र के साथ टकराव का एक खास राजनीतिक व सामाजिक नैरेटिव नहीं बन रहा है, जिससे देश के लोगों में विभाजन बढ़ सकता है और वास्तविक टकराव हो सकता है? क्या इससे तमिलनाडु और दूसरे दक्षिणी राज्यों में केंद्र सरकार के बहाने उत्तर भारत के राज्यों और लोगों के प्रति नाराजगी नहीं बन रही है? तभी जरूरी मुद्दों पर केंद्र के साथ टकराव के बीच भी दक्षिण भारत के राज्यों को सावधानी बरतनी होगी ताकि टकराव उत्तर और दक्षिण का न बने। संभवत: इसी सोच में तमिलनाडु ने पहल करके पूर्वी और उत्तरी राज्यों को अपने साथ जोड़ा है। नई शिक्षा नीति के मसले पर छह राज्यों के शिक्षा मंत्रियों की वार्ता हुई, जिसमें झारखंड और पंजाब को भी रखा गया तो परिसीमन के मसले पर 22 मार्च को बुलाई बैठक में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सात राज्यों के नेताओं को चिट्ठी लिखी है, जिसमें ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब को भी शामिल किया है। गौरतलब है कि ओडिशा में भाजपा की सरकार है। वहां के मुख्यमंत्री निश्चित रूप से स्टालिन के बुलावे पर चेन्नई नहीं जाएंगे लेकिन उनको चिट्ठी लिख कर स्टालिन ने यह संदेश दिया है कि वे जो मसले उठा रहे हैं वह सिर्फ दक्षिणी राज्यों तक या सिर्फ गैर भाजपा दलों तक सीमित नहीं है।

बहरहाल, दक्षिण के राज्य केंद्रीय करों के बंटवारे और केंद्र सरकार के अनुदान को लेकर काफी समय से अपना विरोध जताते रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने जनसंख्या के साथ साथ आर्थिकी का बेहतर प्रबंधन किया है। लेकिन इसका लाभ देने की बजाय केंद्र सरकार उनको इसकी सजा दे रही है। उनका यह भी कहना है कि वे ज्यादा राजस्व संग्रह कर रहे हैं लेकिन उसके अनुपात में उनको कम हिस्सा मिल रहा है, जबकि कम राजस्व संग्रह वाले बड़ी आबादी के राज्यों को ज्यादा हिस्सा मिल रहा है। इसका मतलब है कि जिस तरह आबादी ज्यादा होने की वजह से उत्तर भारत के राज्यों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व ज्यादा है उसी तरह आबादी और गरीबी की वजह से उनको वित्तीय मदद भी ज्यादा मिल रही है। इस सिलसिले में पिछले साल फरवरी में डीएमके के एक सांसद ने राजस्व संग्रह और राज्यों के बीच उसके बंटवारे को लेकर संसद में सवाल पूछा था। इसके जवाब में केंद्र सरकार ने बताया कि तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल ने पिछले पांच वर्षों में प्रत्यक्ष करों के माध्यम से सामूहिक रूप से 22.26 लाख करोड़ रुपए से अधिक का योगदान दिया, जबकि केवल 6.42 लाख करोड़ रुपए ही इन राज्यों को हस्तांतरित किए गए। इसके उलट, उत्तर प्रदेश ने इसी अवधि में सिर्फ 3.41 लाख करोड़ रुपए का योगदान किया और उसे 6.91 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए। अप्रत्यक्ष कर यानी जीएसटी में निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश का योगदान ज्यादा होगा।



## आज का राशिफल

मेष राशि -आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। घर से जुड़ी समस्याओं पर विचार करने की जरूरत है। आज प्रेरणादायक पुस्तक पढ़ना या फिल्म देखना आप के लिए बढ़िया रहेगा।

वृष राशि - आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो। आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं, इससे आपके मन को शांति मिलेगी। जीवनसाथी से आपको अपने दिल की सारी बातें करने का भरपूर समय मिलेगा।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार की उलझनों में पड़ने से बचना चाहिए। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और आप अपने मन पसंद कामों को कर पाने में कामयाब होगे। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

कर्क राशि - आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी, रिश्तों में ईमानदारी बनाए रखें। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपके अंदर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। आज कारोबार से जुड़े कुछ जरूरी काम पूरे होंगे, आप नए काम पर पूरा फोकस करेंगे।

सिंह राशि - आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे।

कन्या राशि -आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपका ट्रांसफर आपके मन पसंद जगह पर हो सकता है। आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना है। परिवार में अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। आज आपके घर पर रिश्तेदार आ सकते है, घर में अच्छा माहौल बना रहेगा। अगर मन में किसी प्रकार की उलझन है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा समाधान मिल सकता है।

तुला राशि -आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल- मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छा शक्ति की कमी है। आपके जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव आपको खास होने का अनुभव कराएगा।

वृश्चिक राशि -आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आप खुद पर विश्वास करेंगे और अपना पूरा ध्यान केंद्रित करके काम में मन लगाएंगे। आज आप परिवार के साथ कहीं घूमने जायेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि -आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा। जो लोग जॉब की तलाश में हैं उनको अच्छा रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे।

मकर राशि -आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में चल रही अनबन से छुटकारा पाने के लिए लिए आप अपने रिश्तों में थोड़ी ढ़ील देंगे।

कुंभ राशि - आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जाएगा। काम में आपका कॉन्फिडेंस आपको सफलता दिलाएगा। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा।

# सुप्रीम कोर्ट: सस्ता इलाज देने में सरकारें नाकाम

**डॉ. चन्दर सोनाने**

***हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढाँचा देने में नाकाम रही है। इससे निजी अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केन्द्र सरकार को गाइडलाईन बनानी चाहिए। जस्टिस श्री सूर्यकांत और श्री एन. के सिंह की पीठ ने सुनवाई करते हुए उक्त बातें कही। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए यह भी कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में अच्छी चिकित्सा दवाएं और मेडिकल सेवाएँ सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों का शोषण नहीं हो सके।सुप्रीम कोर्ट की चिंता जायज है।***



हमारे देश में कोरोना के बाद से निजी अस्पतालों ने लूट मचा रखी है। कोई देखने, सुनने वाला नहीं है। निजी अस्पताल में जब कोई मरीज पहुँचता है तो उसके परिवार के पास पर्याप्त राशि नहीं होने पर उसे अपना घर या खेत गिरवी रखना होता है, तब जाकर वे अपने परिवारजन का ईलाज करवा पाते हैं।इतना ही नहीं, हर एक निजी अस्पतालों ने अपने अस्पताल में ही दवाई खरीदने की दुकान लगा रखी है। अस्पताल द्वारा मरीज के परिजन को दवा लिखने के बाद अस्पताल की ही फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। अस्पताल की मेडिकल शॉप मनमाने रेट पर दवाई देती है, जिसे खरीदना मरीज के परिजन की मजबूरी होता है। सामान्यत: आमजन की रोजमर्रा की दवाई के लिए मेडिकल शॉप वालों से परिचय रहता है। इस कारण अपने नियमित मरीज को वह 10 से 20 प्रतिशत तक छूट भी दे देता है। किन्तु ऐसा निजी अस्पतालों में नहीं होता है। कई बार तो यह भी देखने में आता है कि अस्पताल द्वारा लिखी गई दवाई उसी के मेडिकल शॉप पर ही मिलती है। अन्य मेडिकल शॉप पर वह दवाई उपलब्ध ही नहीं होती है। कई बड़े निजी अस्पतालों द्वारा फार्मेसी से ऑर्डर देकर दवाईयाँ बनवाकर उसे अपनी दुकान के लिए बुला ली जाती है और उसमें मनमानी एमआरपी लिख दी जाती है। यह एमआरपी सामान्य मूल्य से कई गुना अधिक कीमत की होती है, जिसे खरीदना मरीज के परिजनों के लिए मजबूरी बन जाता है। दवाईयों की एमआरपी पर केन्द्र सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। इस कारण निजी अस्पतालों के मेडिकल शॉप से मिलने वाली दवाईयों की कीमत कई गुना बढ़ जाती है। जरूरी दवाईयों पर केन्द्र सरकार का नियंत्रण होना अत्यन्त आवश्यक है। करीब डेढ़ साल पहले मध्यप्रदेश सरकार ने एक मनमाना आदेश निकाला। इस कारण प्रदेश के 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की पैथालॉजी लैब निजी संस्थाओं को सौंप दी है। इसके दुष्परिणाम यह हुए कि पैथॉलॉजी लैब की जाँचों की दरों में 14 से लेकर 1108 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी गई। इसका बोझ सीधे-सीधे आमजन पर ही पड़ा।उसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा अब सरकारी अस्पतालों को भी निजी हाथ में देने की गतिविधि शुरू कर दी गई है। मध्यप्रदेश में 51 सिविल अस्पताल है। 348 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं। इनमें से प्रथम चरण में राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने पीपीपी मोड पर 10 जिला अस्पतालों में निजी मेडिकल कॉलेज बनाने का फैसला कर लिया है। ये 10 जिला अस्पताल हैं- खरगोन, धार, बैतूल, टीकमगढ़, बालाघाट, कटनी, सीधी, भिंड, मुरैना आदि। सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है कि निजी अस्पतालों की लूट और मेडिकल कॉलेजों की पैथालॉजी लैब को निजी हाथों में सौंपने के कारण आमजन की कितनी फजीहत होती है। यदि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों को भी निजी हाथों में सौंप देंगे तो आमजन सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं से पूर्णत: वंचित हो जायेगा। सुप्रीम कोर्ट की चिंता को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अत्यन्त गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। यदि सरकारी अस्पतालों में ही सभी गंभीर बीमारियों का इलाज, जाँचें, चिकित्सा सुविधा, ऑपरेशन आदि की पर्याप्त सुविधाएँ मिल जाए, तो आमजन को निजी अस्पताल जाना ही नहीं पड़ेगा। कोरोना के बाद से तो निजी अस्पताल की बाढ़ सी आ गई है और सब निजी अस्पताल आमजन को लूटने में एक साथ है। इसलिए यह जरूरी है कि केन्द्र और राज्य सरकार अपने सरकारी अस्पतालों में ही पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं, विभिन्न प्रकार की जाँचें और अधोसंरचना के साथ ही पर्याप्त डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती कर दे तो आमजन को निजी अस्पतालों की लूट से बचाया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्वैलर से 11.50 लाख की उगाही करने वाले फर्जी आईबी अधिकारी गिरफ्तार



मुंबई (आरएनएस)। मुंबई पुलिस ने चार ठगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी बताकर भुलेश्वर मार्केट के एक ज्वैलर से 11.50 लाख रुपये ठग लिए। यह घटना मुंबई के वीपी रोड इलाके में हुई और पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान पवन सुधाकर चौधरी (33), श्रीजीत गायकवाड़ (32), सूर्यकांत शिवाजी शिंदे (32) और किसान धोंडीबा शेलार (53) के रूप में हुई है। वीपी रोड पुलिस के मुताबिक, चार अज्ञात लोग भुलेश्वर की एक ज्वैलरी दुकान में घुसे और खुद को आईबी अधिकारी बताया। दुकान में पहुंचते ही उन्होंने कर्मचारियों को मोबाइल फोन बंद करने और बाहर न जाने का आदेश दिया। जालसाजों ने दुकान मालिक पर अवैध नकदी लेनदेन का आरोप लगाया और कहा कि यह गंभीर अपराध है। उन्होंने कानूनी कार्रवाई से बचाने के बदले 25 लाख रुपये की मांग की। जब ज्वैलर ने पूरी रकम देने में असमर्थता जताई, तो उसे धमकाया गया। डर के मारे उसने 11.50 लाख रुपये दे दिए। पैसे लेने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए और कहा कि वे अपने सीनियर अधिकारियों को पैसे देने जा रहे हैं। जब वे वापस नहीं लौटे, तो ज्वैलर को ठगी का एहसास हुआ और उसने वीपी रोड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और भारतीय न्याय सहिता (बीएनएस) की धारा 308(3), 332(सी), 333, 204 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया। जांच के लिए विशेष टीमें बनाई गईं। पुलिस ने दुकान के सीसीटीवी फुटेज हासिल किए, जिसमें चारों आरोपियों के चेहरे साफ दिख रहे थे। आसपास के इलाकों के सीसीटीवी और गुप्त सूचनाओं की मदद से पुलिस ने चारों को मुंबई के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार कर लिया।

### अलग अलग घटनाओं के 5 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, एक फरार



रायपुर,(आरएनएस)। रायपुर में लूट की तीन अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देने वाले कुल 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटनाएँ 21 मार्च 2025 को सुबह के समय हुई थीं, जब आरोपियों ने लोगों को चाकू दिखाकर उनके मोबाइल फोन, नगदी और अन्य सामान लूट लिए थे। पहली घटना थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्र की है, जहां प्रार्थी छद्दू लाल यादव को प्रियदर्शनी नगर में स्थित रिहजडम कालोनी के पास तीन मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा पर सवार छह बदमाशों ने घेरकर उसे चाकू से धमकाया और उसका मोबाइल फोन लूट लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना न्यू राजेन्द्र नगर में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस महकमे के उच्च अधिकारियों द्वारा इस मामले को गंभीरता से लिया गया और अपराधियों की पहचान के लिए एण्टी क्राइम एण्ड साईबर यूनिट की टीम ने घटनास्थल और आसपास के सी.सी.टी.वी. फुटेज की जांच शुरू की। इसके बाद, टीम को आरोपी राहुल गौन्द्रे के बारे में अहम जानकारी मिली। राहुल ने पूछताछ के दौरान अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर इस लूट की घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राहुल गौन्द्रे 20 वर्ष, मोहम्मद ताज खान 18 वर्ष, रॉकी टाण्डी 20 वर्ष, राजा कन्नौजे 20 वर्ष व मोहम्मद ताहिर खान 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी तेलीबांधा क्षेत्र के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट की नगदी रकम 6,490 रुपये, एक सोने की अंगूठी, दो मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल, एक एक्टिवा, और चाकू बरामद किया। साथ ही, यह भी पता चला कि आरोपियों ने उसी दिन कोतवाली थाना क्षेत्र और तेलीबांधा क्षेत्र में दो और लूट की घटनाएं की थीं। पुलिस द्वारा आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है और एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसे जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बॉम्बे हाई कोर्ट में दिशा सालियान मामले की सुनवाई 2 अप्रैल 2025 को



मुंबई (आरएनएस)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने दिवंगत दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान की ओर से दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। यह सुनवाई अब 2 अप्रैल 2025 को होगी। सतीश सालियान ने अपने वकील के जरिए यह याचिका दायर की थी, जिसकी एक प्रति पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) अधिकारी समीर वानखेड़े को भी दी गई है।समीर वानखेड़े के वकील फैज मर्चेंट ने बताया कि उनके मुवक्किल इस मामले में हाई कोर्ट के सामने एक विस्तृत हलफनामा पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। इस हलफनामे में वानखेड़े से जुड़े सभी सवालों और आरोपों का जवाब होगा।सूत्रों के मुताबिक, वानखेड़े अपनी जांच के दौरान जुटाए गए कुछ अहम सबूत भी कोर्ट में पेश कर सकते हैं। इन सबूतों में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे से जुड़ी जानकारी शामिल हो सकती है। कहा जा रहा है कि वानखेड़े का हलफनामा पहले ही तैयार हो चुका है। यह तब तैयार किया गया था, जब याचिका की प्रति मीडिया में लीक हो गई थी। स्रोतों का दावा है कि इस हलफनामे में कुछ चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं, जो कई लोगों को कानूनी मुश्किल में डाल सकते हैं। अगर ये दावे सही साबित हुए, तो यह मामला एक नया और बड़ा मोड़ ले सकता है। दिशा सालियान की मौत जून 2020 में हुई थी, जिसके बाद से यह मामला चर्चा में रहा है। सतीश सालियान का मानना है कि उनकी बेटी की मौत के पीछे कई सवाल अनसुलझे हैं। अब हाई कोर्ट में होने वाली सुनवाई से इस मामले में नई जानकारी सामने आने की उम्मीद है। जैसे-जैसे यह कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, और तथ्य सामने आएंगे, इसकी पूरी जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। यह मामला न सिर्फ दिशा के परिवार के लिए, बल्कि सभी संबंधित पक्षों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है।

भारतीय और चीनी पक्ष के बीच विभिन्न स्तरों पर हुए समग्र रचनात्मक संवाद का भी किया जिक्र

# कैलाश मंसारोवर यात्रा फिर से शुरू करने के तौर-तरीकों पर चर्चा अभी बाकी : विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल फिर से शुरू करने पर सहमति बन गई है, लेकिन इसके तौर-तरीकों को अब भी तय किया जाना बाकी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान इस तीर्थयात्रा के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।



नई दिल्ली (ए.)। पिछले साल अक्टूबर में रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई बैठक के बाद भारतीय और चीनी पक्ष के बीच विभिन्न स्तरों पर हुए समग्र रचनात्मक संवाद का भी जिक्र किया। जायसवाल ने संवाददाताओं से कहा, ''जहां तक भारत-चीन वार्ता का संदर्भ है, जब से कजान में चीन के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच बैठक हुई है, तब से विदेश मंत्री और एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) के स्तर पर हमारे बीच रचनात्मक बातचीत हुई है। विदेश सचिव भी जनवरी में चीन गए थे, जहां उन्होंने उनके समकक्ष से मुलाकात की थी। जायसवाल ने कहा, बातचीत एवं संवाद जारी है और वे सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कई सैद्धांतिक सहमति या सैद्धांतिक समझ बन गई है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हम इन पर आगे बढ़ेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने फरवरी में जोहानिसबर्ग में जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान मुलाकात की थी। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों, सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द्र के प्रबंधन तथा कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली के संबंध में प्रगति की समीक्षा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने प्रेस वार्ता में कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा, यह सहमति बन गई है कि यात्रा 2025 में फिर से शुरू होगी। हालांकि, यह फिर से कैसे शुरू होगी और इसके तौर-तरीके क्या होंगे, इस पर अभी चर्चा होनी बाकी है। सरकार हर साल जून से सितंबर के बीच उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा (1981 से) और सिक्किम में नाथू ला (2015 से) के दो आधिकारिक मार्गों से कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन करती है।

### परिसीमन होना चाहिए, लेकिन निष्पक्ष तरीके से : सुप्रिया सुले

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि संसदीय क्षेत्रों का परिसीमन किया जाना चाहिए, लेकिन निष्पक्ष तरीके से। राकांपा (एसपी) विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक की सहयोगी है। द्रमुक ने शनिवार को परिसीमन पर राज्यों की अपनी पहली बैठक आयोजित की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि यह एक बैठक से कहीं अधिक है, जिसने एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत की है जो निष्पक्ष तरह से परिसीमन करने के लिए देश के भविष्य को आकार देगा। परिसीमन नवीनतम जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से तय करने की प्रक्रिया है। सुले ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या प्रबंधन और सामाजिक क्षेत्र में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, ''परिसीमन पर कोई स्पष्टता नहीं है और हम चिंतित हैं। परिसीमन किया जाना चाहिए, लेकिन निष्पक्ष तरीके से।'' बारामती से लोकसभा सदस्य सुले से जब द्रमुक द्वारा आयोजित संयुक्त बैठक पर उनकी पार्टी के रुख के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''हम द्रमुक के संपर्क में हैं। वे आज केवल दक्षिणी राज्यों की बैठक कर रहे हैं।



राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में 'पर्पल फेस्ट दिल्ली 2025' की झलकियाँ। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू इस अवसर पर प्रस्तुति देती हुई।

### अश्लील गाने बजाए, मेरी जांघों को पकड़ा और फिर' एनआईटी के प्रोफेसर ने छात्रा के साथ की गंदी करतूत

सिलचर (आरएनएस)। असम के सिलचर में स्थित एनआईटी के एक असिस्टेंट प्रोफेसर को पुलिस ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कोटेश्वर राजू धेनुकोंडा पर एक छात्रा ने आरोप लगाया कि उसने उसका उत्पीड़न किया है। कछार पुलिस अधीक्षत नुमल महत्ता ने बताया कि डॉ. कोटेश्वर राजू धेनुकोंडा को NIT ने सस्पेंड कर दिया है। पीड़िता और उसके परिवार द्वारा दर्ज कराई गई अलग-अलग शिकायतों के आधार पर आरोपी को संस्थान के परिसर से गिरफ्तार किया गया है। एनआईटी के बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी की छात्रा ने असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। कार्रवाई की मांग करते हुए छात्रा ने रातभर प्रदर्शन भी किया था। पीड़िता के मुताबिक, प्रोफेसर ने उसे अपने चैंबर में बुलाकर कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता के मुताबिक, प्रोफेसर ने उसके कम ग्रेड पर चर्चा करने के लिए अपने चैंबर में बुलाया और अनुचित तरीके से उसे छुआ। वायरल चिट्ठी में पीड़िता ने प्रोफेसर पर आरोप लगाते हुए कहा, प्रोफेसर ने मुझे अपने पास बैठने को कहा और पूछा कि कम ग्रेड क्यों मिलते हैं। उसने मेरे हाथ को पकड़ना शुरू किया और उंगलियां छूने लगा। फिर प्रोफेसर ने धीरे-धीरे मेरी जांघों को पकड़ लिया। सने मेरे सामने अपने कम्प्यूटर पर अश्लील गाने बजाना भी शुरू कर दिया।

### बेंगलुरु से लाखों रुपये मूल्य के मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**महिला की पहचान अनिला रवींद्रन के रूप में हुई**



बेंगलुरु (ए.)। बेंगलुरु से लाखों रुपये मूल्य के एमडीएमए (मादक पदार्थ) की तस्करी करने के आरोप में 34 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। महिला की पहचान अनिला रवींद्रन के रूप में हुई है जो अंचालुमूदु की निवासी है। उसे शक्तिकुलंगरा पुलिस और कोल्लम शहर पुलिस जिला मादक-द्रव्य निरोधक विशेष कार्य बल ने शुक्रवार शाम हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि वह बेंगलुरु से कार में यात्रा कर रही थी और नींदकरा पुल के पास पुलिस ने उसके वाहन को रोकने का प्रयास किया लेकिन कार चालक ने वाहन नहीं रोका जिसके बाद पुलिस ने कार का पीछा किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बाद में कार को अंतत: रोका गया और तलाशी के दौरान 90 ग्राम एमडीएमए जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि कार में पहले 50 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ और बाद में चिकित्सकीय जांच के दौरान महिला के निजी अंगों में छिपाकर रखे गए लगभग 40 ग्राम एमडीएमए का पता चला। हालांकि, कुल जब्त नशीले पदार्थ की सटीक मात्रा की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन अनुमानित मात्रा 90 ग्राम बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि महिला कोल्लम शहर में स्कूल और कॉलेज के छात्रों को एमडीएमए की आपूर्ति करने के लिए मादक पदार्थ की तस्करी कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी महिला पहले भी एमडीएमए की तस्करी में शामिल रह चुकी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा इस्तेमाल की गई कार भी जब्त कर ली गई है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### हरियाणा : पानीपत में जेजेपी नेता रविंद्र मिन्ना की गोली मारकर हत्या

पानीपत (आरएनएस)। हरियाणा के पानीपत में शुक्रवार को जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) नेता रविंद्र मिन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर ने इस दौरान उनके चचेरे भाई और एक अन्य व्यक्ति पर भी फायरिंग की। इस वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, हमलावर ने जेजेपी नेता रविंद्र मिन्ना, उनके चचेरे भाई और एक अन्य व्यक्ति पर फायरिंग की। वारदात में जेजेपी नेता की मौत हो गई। वहीं, अन्य दोनों लोग घायल हो गए। हमलावर की पहचान जागसी गांव के रहने वाले रणबीर के रूप में हुई है। हालांकि घटना के बाद से वह फरार है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। रविंद्र मिन्ना मूल रूप से जागसी गांव के रहने वाले थे, लेकिन वह शहर के विकास नगर में रह रहे थे। हरियाणा में साल 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें पानीपत शहर से टिकट देकर उम्मीदवार बनाया था। इससे पहले, 14 मार्च को सोनीपत जिले के जवाहरा गांव में भाजपा नेता और मुंडलाना मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जवाहरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

विश्व जल दिवस पर सभी देशवासियों को दी शुभकामनाएं

### जल सभ्यताओं की जीवन रेखा, इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि विश्व जल दिवस पर हम जल संरक्षण और सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। उन्होंने कहा, जल सभ्यताओं की जीवन रेखा है, इसलिए इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने जल दिवस के मौके पर अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने विश्व जल दिवस पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि जल-प्रकृति का अमूल्य वरदान- न केवल जीवन का आधार है, बल्कि हमारी संस्कृति, कृषि और भविष्य की समृद्धि का मूल स्रोत भी है। उन्होंने आगे लिखा कि इसकी सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि पंचकूला में कैच द रेन अभियान की शुरुआत हो रही है। उन्होंने आगे लिखा, आज हरियाणा के पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के



**"विश्व जल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए जल संरक्षण का संदेश दिया। नेताओं ने लोगों से पानी की बचत और इसके महत्व को समझने की अपील की"**

साथ जल शक्ति अभियान: कैच द रेन 2025 का शुभारंभ होने जा रहा है। इस वर्ष की थीम है: जल संचय, जनभागीदारी: जन जागरूकता की ओर। यह सिर्फ एक थीम नहीं, जन-जन के जीवन से जुड़ा एक राष्ट्रीय आंदोलन भी है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मौके पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, विश्व जल दिवस की बधाई! आइए, जल को बचाने का संकल्प लें और स्वच्छ व समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ें। उनका संदेश पानी के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने पर केंद्रित था।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संदेश में कहा, प्रदेशवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं! उत्तराखंड पवित्र नदियों का उद्गम स्थल और जल संपदा से भरपूर है। यह हमारी धरोहर है, जिसे बचाना हमारा कर्तव्य है।उन्होंने जल के सही उपयोग को सतत विकास की कुंजी बताया और कहा कि सरकार जल संसाधनों को संरक्षित करने के लिए लगातार काम कर रही है।धामी ने लोगों से भविष्य के लिए जल संरक्षण का संकल्प लेने को कहा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी इस दिन को खास माना। उन्होंने लिखा, जल है तो कल है। विश्व जल दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं। आइए, प्रकृति के इस अनमोल तोहफे को बचाएं और समृद्ध भविष्य बनाएं।

साहिल-मुस्कान ने दी थी सौरभ की बलि!

### पांच महीने से कर रहे थे कर्ण पिशाचनी तंत्र साधना; हत्याकांड में हुए कई चौंकाने वाले खुलासे



मेरठ (आरएनएस)। मेरठ के दिल दहला देने वाले सौरभ हत्याकांड में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। हालिया जांच में सामने आया है कि सौरभ की हत्या के मामले में साहिल शुक्ला और मुस्कान के तांत्रिक क्रियाओं में लिप्त होने के संकेत मिल रहे हैं। जांच के अनुसार, हत्या के दौरान साहिल ने वध शब्द का उपयोग करते हुए सौरभ के सिर के साथ-साथ दोनों हाथों की हथेलियाँ काट दीं। मुस्कान ने दिल पर चाकू वार किया और हत्या के बाद रात के तीन बजे सौरभ के सिर और हाथों को बैग में डालकर साहिल के घर ले जाया गया। इसके अतिरिक्त, जांच में पता चला है कि दोनों संदिग्ध अंधविश्वास में पड़कर स्नैपचैट पर अपनी-अपनी मरी हुई परिजनों साहिल अपनी मां और मुस्कान अपनी मौसी से बात करने का प्रयास कर रहे थे। कमरों की दीवारों पर अजीब-ओ-ग़रीब चित्रकारी और लेखन भी पाया गया, जिसमें शिव के आदियोगी अवतार और अन्य रहस्यमयी संकेत शामिल थे। कमरे के गेट पर लिखी पंक्तियाँ नमक स्वाद अनुसार अकड़ औकात अनुसार और अन्य प्रतीकात्मक चित्र इस बात की पुष्टि करते हैं कि पूरा कमरा तंत्र-मंत्र की क्रिया की कहानी कह रहा है। शनि पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री-श्री 108 महेंद्र दास जी महाराज के अनुसार, कर्ण पिशाचनी माता की सिद्धि प्राप्त करने के लिए ब्रह्मचर्य का होना आवश्यक है। खबरों के मुताबिक, साहिल और मुस्कान ने सिद्धि के लिए यू-ट्यूब पर देखे तंत्र-मंत्र के विधानों के अनुसार सौरभ की बलि दे दी थी। दोनों ने सिर और हाथ काटकर अपने कमरे में पूजा की और शव को जमीन में दफन कराने का प्रयास किया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने इस बात की भी स्वीकृति दी कि जब दफन कराने का उपयुक्त स्थान न मिला, तो लाश को ड्रम में लाकर सीमेंट में गाड़ दिया गया।जानकारी के अनुसार, मुस्कान ने अपनी मां कविता रस्तोगी से कर्ण पिशाचनी माता के बारे में जानकारी ली थी। वहीं, कविता ने बताया कि मुस्कान की पहचान पहले एक सामान्य लड़की सोभी के रूप में होती थी, लेकिन साहिल शुक्ला से मिलने के बाद दोनों का व्यक्तित्व बदल गया। 2019 में साहिल से मुलाकात के बाद मुस्कान ओशो के विचारों का अनुसरण करने लगी थी। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि मुस्कान ने थाने में ही यह खुलासा किया था कि उसकी असली मां मौसी जूली है, जबकि कविता रस्तोगी उसे सौतेली मां मानती थीं। साथ ही, पुलिस के अनुसार, 25 दिनों के भीतर मुस्कान के पिता अनिल रस्तोगी की भी मौत हो सकती है, जिससे पूरे परिवार में अनिश्चितता और भय का माहौल है।

**पेपर लीक मामला**

**पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार किए जा रहे बड़े एक्शन**

### सरिता मीणा के बाद अब पटवारी भर्ती का सरगना हर्षवर्धन भी बर्खास्त

दौसा,(आरएनएस)। राजस्थान सरकार ने पेपर लीक मामलों में अपनी ज़ीरो टॉलरेंस नीति को प्रभावी ढंग से लागू करना शुरू कर दिया है। पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार किए जा रहे बड़े एक्शनों ने इस बात को साबित कर दिया है कि सरकार इस मामले में कितनी सख्त है। पेपर लीक मामलों में लिप्त राज्य कर्मियों को बर्खास्त करके सरकार ने एक सख्त संदेश दिया है। पटवारी




भर्ती मामले में दौसा के सरगना हर्षवर्धन को राज्यसेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। दौसा कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने हर्षवर्धन को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया। हर्षवर्धन को जेईएन भर्ती परीक्षा 2020 में एसआईटी ने नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था। इससे पहले, हर्षवर्धन की पत्नी सरिता मीणा को तत्कालीन भीलवाड़ा कलक्टर नमित मेहता ने बर्खास्त किया था। सरिता ने एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में खुद की जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा उत्तीर्ण की थी। एसओजी एटीएस एडीजी वी.के.सिंह की प्रभावी मॉनिटरिंग का भी इन कार्रवाइयों में बड़ा योगदान रहा है।



केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू और दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता आज संसद भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के कार्यान्वयन के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के अवसर पर।

# आईपीएल 2025 : खिलाड़ियों की बदमिजाजी नहीं होगी बर्दाश्त, आईपीएल में 5 मैचों के लिए लग सकता है बैन

नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों और टीमों के लिए नियमों में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इन बदलावों में सबसे प्रमुख है स्लो ओवर रेट के लिए कप्तानों पर लगने वाले बैन को हटाना। बीसीसीआई ने इसकी जगह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तरह डिमेरिट पॉइंट सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है।

हालांकि, यह डिमेरिट पॉइंट सिस्टम केवल स्लो ओवर रेट तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे पूरे कोड ऑफ कंडक्ट में शामिल किया गया है। इसके तहत खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को भी नियमों का उल्लंघन करने पर डिमेरिट पॉइंट मिलेंगे, जिसके आधार पर उन पर 5 मैचों तक का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल 2025 सीजन से पहले मुंबई में बीसीसीआई अधिकारियों ने सभी 10 फ्रेंचाइजी के कप्तानों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में कप्तानों को कोड ऑफ कंडक्ट में किए गए इन महत्वपूर्ण बदलावों की जानकारी दी गई। यह नए नियम इस सीजन से ही लागू होंगे और प्लेइंग कंडिशंस का हिस्सा होंगे।

अभी तक आईपीएल में खिलाड़ियों द्वारा किसी भी तरह



की बदसलूकी या गलत व्यवहार करने पर मैच रेफरी द्वारा जुर्माना लगाया जाता था। लेकिन अब खिलाड़ियों को जुर्माने के साथ-साथ डिमेरिट पॉइंट भी मिलेंगे, जो उनके लिए प्रतिबंध का कारण बन सकते हैं।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अब किसी भी खिलाड़ी या टीम द्वारा कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तरह डिमेरिट पॉइंट दिए जाएंगे। यह डिमेरिट पॉइंट खिलाड़ी या टीम के खाते में पूरे 36 महीने यानी 3 साल तक बने रहेंगे और इसी के आधार पर सजा निर्धारित की जाएगी।

नए नियमों के अनुसार, यदि कोई खिलाड़ी लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो उस पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और 1 डिमेरिट पॉइंट लगाया जा सकता है। लेवल-2 के उल्लंघन पर 3 से 4 डिमेरिट पॉइंट जुड़ेंगे। वहीं, लेवल-3 के उल्लंघन के लिए 5 से 6 डिमेरिट पॉइंट और लेवल-4 के उल्लंघन के लिए 7 से 8 डिमेरिट पॉइंट दिए जाएंगे।

अब बात करते हैं कि कितने डिमेरिट पॉइंट पर खिलाड़ी को कितनी सजा मिलेगी। कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 7.6 के अनुसार, यदि किसी खिलाड़ी के खाते में 4 से 7 डिमेरिट पॉइंट जुड़ते हैं, तो उसे एक मैच के लिए निलंबित किया जाएगा। 8 से 11 डिमेरिट पॉइंट होने पर यह निलंबन 2 मैचों का हो जाएगा। यदि कोई खिलाड़ी 3 साल की अवधि में 12 से 15 डिमेरिट पॉइंट अर्जित करता है, तो उस पर 3 मैचों का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। वहीं, अगर किसी खिलाड़ी के डिमेरिट पॉइंट 16 या उससे अधिक होते हैं, तो उसे अधिकतम 5 मैचों के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।

## सरफराज को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिल सकता है अवसर

नई दिल्ली (ए)। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने वाले सरफराज खान को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से एक बार फिर अवसर मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि वह चोटिल हो गए थे। इसके बाद वह घरेलू क्रिकेट भी नहीं खेल पाये। भारतीय टीम को अब टेस्ट क्रिकेट जून में खेलना है। तब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जहां उसे मेजबानों के साथ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेला था। उन्होंने अभी तक भारत के लिए केवल एक टेस्ट में डेब्यू किया है। ऐसे में अब वह तभी भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं। सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है। उन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। सरफराज ने अब तक 6 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 371 रन बनाए हैं जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है। उनका सबसे अधिक स्कोर 150 रन रहा है।

## मशहूर हैवीवेट बॉक्सर फॉरमैन का निधन, परिवार ने की पुष्टि



वाशिंगटन,(ए)। मशहूर हैवीवेट बॉक्सर जॉर्ज फॉरमैन का निधन हो गया है वह 76 वर्ष के थे, उनके परिवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि की है। बिग जॉर्ज के नाम से मशहूर फॉरमैन ने 1960 के दशक में बॉक्सिंग में करियर शुरु किया था। उन्होंने ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता और दो बार विश्व हैवीवेट चैंपियन बने ।उनकी पहली हार 1974 में मोहम्मद अली के खिलाफ ऐतिहासिक मुकाबले में हुई थी, जिसे 'द रंबल इन द जंगल' नाम दिया गया था। फॉरमैन के परिवार की ओर से कहा गया कि हमारा दिल टूट गया है। उन्होंने अपनी जिंदगी अटूट विश्वास, विनम्रता और उद्देश्य से भरी हुई जी है।

## आईपीएल 2025 : एक बार फिर दमदार नजर आ रही है मुंबई इंडियंस, जानें टीम की ताकत और कमजोरी

नई दिल्ली (ए.)। मुंबई इंडियंस की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे सफल टीम में शामिल है। हालांकि पिछले कुछ सीजन मुंबई इंडियंस के लिए बहुत अच्छे नहीं रहे हैं



और पिछले सीजन में तो उनके लिए रोहित शर्मा को हटाने का फैसला भी फैंस के गले पूरी तरह से नहीं उतरा था। इसका प्रभाव कहीं न कहीं टीम के मनोबल पर भी पड़ा। लेकिन आईपीएल 2025 में एमआई पुरानी अस्थिरता को पीछे छोड़कर एक दमदार सीजन के लिए तैयार नजर आ रही है।

पिछले चार सीजन में दो बार अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर नजर आने वाली एमआई इस बार कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरपूर है। हार्दिक इस दौरान दो बार आईसीसी प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण प्रदर्शन कर चुके हैं। टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी में भारत हार्दिक पांड्या के अहम रोल और रोहित शर्मा की कप्तानी में विजयी बना है। हार्दिक के साथ रोहित एमआई लीडरशिप का अहम हिस्सा हैं। फैंस में हार्दिक की स्वीकार्यता बढ़ी है और टीम ने नीलामी में जो खिलाड़ी रिटेन किए हैं, उससे पता चलता है कि एमआई के कोर ग्रुप में हार्दिक पांड्या की कप्तानी को लेकर सहजता है।एमआई ने इस बार नीलामी में ट्रेंट बोल्ट को लेकर जसप्रीत बुमराह के साथ बेहतरीन पेस अटैक बनाया है। अगर पिछले दो सीजन में इन दोनों गेंदबाजों का पावरप्ले इकोनमी रेट केवल 6.5 का रहा है, जो दिखाता है कि दोनों की जोड़ी कितनी जबरदस्त साबित हो सकती है।

## राजस्थान के खिलाफ हैदराबाद जीत का दावेदार

### – आईपीएल में 300 रन का आंकड़ा छूने की क्षमता सिर्फ सनराइजर्स हैदराबाद के पास

नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल 2025 में रविवार 23 मार्च को दो मुकाबले होने है पहला मुकाबला सनराइस हैदराबाद और राजस्थान रॉयल के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला दोपहर 3.30 बजे शुरु होगा। अपने घरेलू मैदान पर पहला मैच खेल रही सनराइजर्स को जीत का प्रवल दावेदार माना जा रहा हैं। वहीं यह भी कहा जा रहा हैं कि अगर कोई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 300 के जादुई आंकड़े को छू सकती है, तो वह सनराइजर्स हैदराबाद है। इस टीम के पास विस्फोटक बल्लेबाजी क्रम और अनुभवी गेंदबाज हैं, जो किसी भी टीम को ध्वस्त करने की क्षमता रखते हैं।सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शुमार ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, इशान किशन और हेनरिक क्लासेन मौजूद हैं। ये खिलाड़ी किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को तहस-नहस करने की ताकत रखते हैं। पिछले सत्र में सनराइजर्स ने तीन बार 250 से अधिक का स्कोर बनाया था, जिसमें आरसीबी के खिलाफ 287, मुंबई के खिलाफ 277 और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 266 रन शामिल हैं।

# आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर इंग्लैंड टीम में जगह बनाना चाहते हैं सैम करन



मुम्बई (ए.)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर सैम करन का लक्ष्य आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर इंग्लैंड टीम में वापसी करना है। करन इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम में शामिल है। करन ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के बाद से इंग्लैंड के लिए नहीं खेला है। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी उन्हें टीम में जगह नहीं मिली थी। इस क्रिकेटर ने कहा, मेरा मुख्य लक्ष्य अब इंग्लैंड टीम में वापसी करना है। इसके लिए मुझे आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। साथ कहा कि इंग्लैंड के साथ मुझे लगता है कि मुझे कभी भी सही भूमिका नहीं मिली है। मुझे लगता है कि अगर मैं इंग्लैंड के साथ अपनी भूमिका सही से निभा पाया, तो मैं टीम में जगह पक्की कर पाउंगा।

करन ने कहा, मैं वास्तव में अच्छी स्थिति में हूं। मैं अभी भी काफी युवा हूं और मुझे लगता है कि जब कमजोर चीजों को संभालने की बात आती है तो मैं परिपक्व हो गया हूं। थोड़ा और अनुभवी होने के नाते, हालातों को बेहतर ढंग से समझने के कारण, मुझे वास्तव में उम्मीद है कि मैं टीम में वापस आ सकता हूं। ऐसा करने का केवल एक ही तरीका है और वह है अच्छा प्रदर्शन। सीएसक को 23 मार्च को चेन्नई में मुंबई इंडियंस से खेलना है। आईपीएल 2025 में करन का सीएसके के साथ ये तीसर साल है। इससे पहले वह 2020 और 2021 सीजन में उसकी ओर से खेले हैं। उन्होंने मैकुलम द्वारा दिए गए फीडबैक के बारे में भी बात की कि उन्हें इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल योजना से क्यों बाहर रखा गया। उन्होंने कहा, जब मुझे बाहर रखा गया था, तब मैकुलम ने मुझे शुरुआत में बुलाया था, वह स्पष्ट और ईमानदार थे, और मैं इसका सम्मान करता हूं। मैंने उनके अधीन कभी काम नहीं किया है, लेकिन वह जो वह चाहते हैं बहुत ईमानदार और स्पष्ट दिखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अभी वहां नहीं रहूंगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि दरवाजा बंद हो गया है। यह दूर जाने, वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने और प्रदर्शन करने के बारे में है।

## विश्व का सबसे अमीर क्रिकेटर है एक भारतीय

नई दिल्ली (ए.)। भारत ही नहीं विश्व का सबसे धनी क्रिकेटर एक भारतीय है पर उसने एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। ये और कोई नहीं आर्यमन बिड़ला हैं जो बिड़ला समूह के प्रमुख कुमारमंगलम बिड़ला के बेटे हैं। आर्यमन ने मध्य प्रदेश की ओर से घरेलू क्रिकेट खेला है। इस क्रिकेटर ने अपना अंतिम फर्स्ट क्लास मैच जनवरी 2019 में इंदौर में आंध्र प्रदेश के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह अपने कारोबार में लग गये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार आर्यमन की नेटवर्थ लगभग 70,000 करोड़ है। जो सचिन तेंदुलकर की कुल संपत्ति से लगभग 6 गुना ज्यादा है। दो दशक से अधिक समय तक अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले सचिन की नेटवर्थ लगभग 1200 करोड़ है। वहीं विराट कोहली ने कोहली की कुल नेटवर्थ लगभग 1000 करोड़ है।

# विदेश समाचार

## लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से परिचालन शुरू




लंदन(ए.)। सबसे व्यस्त हवाईअड्डे- हीथ्रो पर आंशिक परिचालन शुरू हो गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से शुक्रवार देर रात करीब 11.40 बजे (भारतीय समय) जारी बयान के मुताबिक, लगभग 18 घंटे तक परिचालन बाधित रहने के बाद देर रात पहले विमान की सुरक्षित लैंडिग कराने में सफलता मिली। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने देर रात जारी एक बयान में कहा, हालात सामान्य हों, इसके लिए हमारी टीमें अथक प्रयास कर रही हैं। हीथ्रो कुछ उड़ानें सुरक्षित रूप से शुरू करने में सक्षम हो गया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले लंदन आने वाली उड़ानों को प्राथमिकता मिलेगी। इसके अलावा दूसरे देशों से आने वाले विमान जिनका मार्ग बदला है, उन्हें भी तरजीह मिलेगी। हवाई अड्डे की यात्रा न करें। प्रवक्ता ने यात्रियों को एयरलाइन से ताजा सूचना लिए बिना हीथ्रो न आने की सलाह भी दी।

## फिर कुछ बड़ा होने वाला हैं बांग्लादेश में, सेना को राजधानी ढाका में आने को कहा गया

ढाका (ए.)। बांग्लादेश की सेना ने ढाका में बड़ी संख्या में बख्तरबंद वाहनों और सैनिकों को बुलाया है। रिपोर्ट के अनुसार, सेना की हर ब्रिगेड से 100 सैनिकों को ढाका पहुंचने को कहा गया है। ये घटनाक्रम तब हुआ है, जब बांग्लादेश की सेना और हसीना विरोधी आंदोलन की अगुवाई कर रहे संगठन स्टूडेंट अगेंस्ट्र डिस्क्रिमिनेशन के बीच संबंधों में दरार की खबरें आई है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि सावर स्थित सबसे महत्वपूर्ण 9वीं डिवीजन के सैनिकों ने क्रमिक तरीके से ढाका में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट में उच्च पदस्थ सूत्रों के हवाले से कहा है कि सेना देश को अपनी पकड़ मजबूत करने में कुछ और दिन लग सकते है। बांग्लादेश की सेना के पास डिवीजन आकार की 10 क्षेत्रीय कमान है, जिसमें ब्रिगेड की कोई निश्चित संख्या नहीं है। 9वीं इंफ्रैंट्री डिवीजन सावर में स्थित है, जबकि एक अन्य महत्वपूर्ण 19वीं इन्फैंट्री डिवीजन घाटैल में तैनात है।

बांग्लादेश सेना की सक्रियता स्थानीय सरकार, ग्रामीण विकास और सहकारिता मंत्रालय के सलाहकार आसिफ महमूद शाजिब भुइयां के खुलासे के बाद हुई है। भुइयां ने वीडियो में दावा किया था कि सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार नियुक्त करने पर अनिच्छा से सहमति जाहिर की थी। पहले से रिकॉर्ड किए गए वीडियो को शुक्रवार को जारी किया गया था। इससे पहले एक अन्य प्रभावशाली छात्र नेता हसनत अब्दुल्ला ने 11 मार्च को जनरल जमान के साथ गुप्त बैठक के बाद सेना प्रतिष्ठान के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की धमकी थी। कहा गया था कि जनरल जमान ने सुझाव दिया था कि बांग्लादेश में चुनाव होने पर शेख



हसीना की अवामी लीग राजनीति में वापस आ सकती है और चुनाव भी लड़ सकती है।

हालांकि, अब्दुल्ला और भुइयां ने नहीं बताया कि उन्होंने जनरल जमान के साथ बातचीत को सार्वजनिक करने के लिए दो सप्ताह से अधिक समय का इंतजार क्यों किया, लेकिन अब्दुल्ला ने अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना की वापसी का रास्ता खोलने के लिए सेना के अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की धमकी दी। भुइयां के खुलासे और अब्दुल्ला की पोस्ट के तुरंत बाद बांग्लादेश की तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक वर्चुअल बैठक की, जिसका उद्देश्य निकट भविष्य में छात्रों के एक और विद्रोह की आशंका में कदम उठाना था। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि सेना मजबूत कदम उठाएगी या नहीं। इस बीच 26 मार्च से मोहम्मद यूनुस तीन दिनों की चीन यात्रा पर जा रहे हैं।

## इजराइली सेना ने गाजा के एकमात्र कैंसर अस्पताल को भी उड़ाया

गाजा पट्टी,(ए.)। इजराइली सेना गाजा पट्टी में घुस गई है और उसने युद्धग्रस्त क्षेत्र के एकमात्र कैंसर अस्पताल को भी नष्ट कर दिया है। इजराइली नेताओं ने कहा है कि जब तक हमास उसके बंधकों को रिहा नहीं करता, तब तक इजराइल अधिक क्षेत्र पर कब्जा करता रहेगा। यह अस्पताल गाजा को विभाजित करने वाले नेतजारिम कॉरिडोर में स्थित है।

हमास के साथ युद्धविराम तोड़ने के कुछ ही समय बाद इस सप्ताह इजराइल ने क्षेत्र को फिर से अपने नियंत्रण में ले लिया है। इस युद्धविराम के कारण जनवरी के अंत से गाजा में अपेक्षाकृत शांति रही और दो दर्जन से ज्यादा बंधकों की रिहाई मिली। इजराइली सेना ने कहा कि उसने तुर्की-फलस्तीनी मैत्री अस्पताल पर हमला किया क्योंकि युद्ध के दौरान चिकित्सक और मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे थे और हमास के लड़ाके वहां से अपनी लड़ाई लड़ रहे थे।

अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग ने कहा कि युद्धविराम के दौरान एक चिकित्सिय टीम ने अस्पताल का दौरा किया था और पाया कि वहां कुछ क्षति हुई थी। उन्होंने एक बयान में कहा कि वह यह समझने में असमर्थ हैं कि ऐसे अस्पताल को बम से उड़ाने से क्या हासिल होगा? तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने इस अस्पताल को नष्ट किए जाने की निंदा की है।

## ट्रंप का एक और बड़ा फैसला, 5,30,000 लोगों का लीगल स्टेटस छीना; इन 4 देशों के लोगों को छोड़ना पड़ेगा अमेरिका

वाशिंगटन (ए) । जब से अमेरिका की कमान ट्रंप के हाथों में आई है वे दिन व दिन नए फैसलों को लेकर चर्चा में रह रहे हैं। अब डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि वो संयुक्त राज्य अमेरिका में



क्यूबाई, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के कानूनी संरक्षण को रद्द करेगा। इस फैसले का असर यह होगा कि संभवत: 530,000 लोगों को करीब एक महीने के अंदर अमेरिका छोड़ना पड़ सकता है।

ट्रंप अवैध प्रवासियों पर लगातार अपनी कार्रवाई तेज कर रहे हैं। इन चार देशों के अप्रवासी अक्टूबर 2022 में फाइनेंसियल स्पॉन्सर के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में आए थे। इन्हें अमेरिका में रहने और काम करने के लिए दो साल का परमिट दिया गया था। अब होमलैंड सुरक्षा विभाग ने ऐलान किया है कि ऐसे लोग 24 अप्रैल को संघीय रजिस्टर में नोटिस प्रकाशित होने के 30 दिन बाद अपने लीगल स्टेटस को गंवा देंगे।इस कदम का व्यापक असर माना जा रहा है. पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में इन प्रवासियों को दो साल की पैरोल दी गई थी, जो अब प्रभावी रूप से समाप्त हो गई है. चारों देशों के नागरिकों को अमेरिकी स्पॉन्सर के साथ हवाई मार्ग से अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति मिली थी.अमेरिका में मानवीय पैरोल सिस्टम लंबे समय से चला आ रहा है, जिसका उपयोग राष्ट्रपतियों ने उन देशों के लोगों को अनुमति देने के लिए किया है जहां युद्ध या राजनीतिक अस्थिरता है। ऐसे में ये लोग अमेरिका में प्रवेश कर सकते हैं और अस्थायी रूप से रह सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने अब इसे समाप्त करने का निर्णय लिया है।

## GREEN CARD के लिए अमेरिकी नागरिक से की शादी तो होगी जेल, इमिग्रेंट्स को ट्रंप सरकार की चेतावनी

वाशिंगटन (ए.) ।अवैध प्रवासियों पर लगाम लगाने के लिए ट्रंप कई बड़े फैसले ले रहे हैं। ट्रंप के निशाने पर अब वो प्रवासी हैं, जो ग्रीन कार्ड हासिल करने के लिए अमेरिकी नागरिकों को शादी करते हैं। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने इसे संघीय अपराध बताते हुए कहा है कि आरोपियों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। एजेंसी ने कहा कि जो व्यक्ति जानबूझकर इमिग्रेशन कानूनों के किसी भी प्रावधान से बचने के लिए शादी करता है, उसे अनुच्छेद 1325 (सी) विवाह धोखाधड़ी कानून के तहत 5 साल तक जेल की सजा हो सकती है। बता दें कि अमेरिका में नागरिकता पाने का सबसे आसान तरीका शादी ही है। कई मामले सामने आए हैं जहां, अमेरिका की नागरिकता पाने के लिए विदेशी नागरिक अमेरिकी लड़की से शादी करते हैं फिर तलाक ले लेते हैं।




ट्रंप प्रशासन के मुताबिक, अब अगर कोई विदेशी व्यक्ति ऐसा करता है तो उसे करोड़ों रुपए तक जुर्माना और निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने आम लोगों से भी विवाह धोखाधड़ी या इमिग्रेशन का गलत फायदा उठाने वाले लोगों का सुराग देने को कहा है।इसके अलावा अमेरिकी प्रशासन ने अमेरिका में रहने वाले अप्रवासियों के लिए एक चेतावनी जारी की है, जिसने लाखों-करोड़ों लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

अमेरिकी सरकार के विभाग ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट किया है। विभाग ने इस पोस्ट में लिखा है, "वीजा जारी होने के बाद यू.एस. वीजा स्क्रीनिंग बंद नहीं होती है। हम वीजा होल्डरों की लगातार जांच करते हैं ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि वे अमेरिका के सभी कानूनों और इमिग्रेशन नियमों का पालन करते हैं। अगर कोई भी वीजा होल्डर अमेरिका के सभी कानूनों और इमिग्रेशन के नियमों का पालन नहीं करता है तो हम उनके वीजा रद कर देंगे और उन्हें डिपोर्ट कर देंगे।

## गहरे संकट में पाकिस्तान, देश की अखंडता के साथ-साथ चीन की दोस्ती खोने का डर

इस्लामाबाद (ए)। बलूचिस्तान पाकिस्तान के लिए न सुलझने वाली गुत्थी बनता जा रहा है। प्रांत में अलगववादी चरमपंथियों की कार्रवाईयों ने सरकार को हिला कर रख दिया है। इस प्रदेश में बढ़ती हिंसा न सिर्फ सुरक्षा के नजरिए से बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी पाकिस्तान को बड़ा जख्म दे सकती है। चीन ने यहां बड़े पैमाने पर निवेश किया है लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि हाल की हिंसक घटनाओं के बाद क्या बीजिंग अपने कदम पीछे खींच सकता है।पाकिस्तान के भूमि क्षेत्र का लगभग 44त्न हिस्सा बलूचिस्तान का है। यह अफगानिस्तान और ईरान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा भी साझा करता है। इस प्रांत में केवल 5त्न कृषि योग्य जमीन है। यह अत्यंत शुष्क रेगिस्तानी जलवायु के लिए जाना जाता है लेकिन इसे प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर माना जाता है। इसके बावजूद विकास की दौड़ में सबसे पीछे रह गया है। इस प्रांत में तांबा, सोना, कोयला और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार हैं, जो पाकिस्तान की




खनिज संपदा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और मध्य एशिया को जोड़ने वाली अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण, बलूचिस्तान एक भू-राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहमियत रखता है।बलूचिस्तान की भू-रणनीतिक अहमियत के कारण चीन की मत्वकांक्षी परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का एक बड़ा हिस्सा इसी प्रांत में है।

# सलकनपुर में आगामी चैत्र नवरात्रि की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

## कलेक्टर-एसपी ने नर्मदा आवंलीघाट का किया निरीक्षण

सीहोर( निप्र)। चैत्र नवरात्री पर विजयासन देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बडी संख्या में श्रद्धालुओं का सलकनपुर आगमन होता है। आगामी 30 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्री पर सलकनपुर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर बालागुरू के तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सलकनपुर में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं इस प्रकार से की जाए कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो और सभी श्रद्धालु सुविधाजनक ढंग से पूजा-अर्चना कर सकें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई तथा पर्याप्त बिजली व्यवस्था के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आगमन तथा निर्गम की सुगम व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने इमरजेंसी के लिए फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ



ही मेला स्थल पर दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने तथा मेले के बेहतर प्रबंध के निर्देश दिए। बैठक में एसपी श्री शुक्ला ने सभी मुख्य स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि यातायात व्यवस्था किसी भी प्रकार से बाधित न हो। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान अधिकारी-कर्मचारी किसी भी स्थान पर यातायात बाधित होने पर तुरंत यातायात को सुचारू बनाए। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण में रोपवे का निरंतर संचालन होता रहे, ताकि अधिक से अधिक लोगों का आवागमन हो सके। बैठक के पश्चात कलेक्टर-एसपी ने सलकनपुर मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया। बैठक में सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय, एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, जनपद सीईओ देवेश सराठे, सहित समिति के सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण स्थानों पर हेल्थ कैंप**

कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए हेल्थ कैंप लगाए जाए। जिससे श्रद्धालुओं को चिकित्सा की आवश्यकता पढने पर तत्काल रूप से मेडिकल सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने इमरजेंसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

# बोरवेल मशीन को गॉव से वापस कर देने पर बजरंगी नागर ने जनता के साथ खाली बर्तन बजाकर किया प्रदर्शन

## सरपंच व सरपंच पति पर कार्यवाही की मांग



सीहोर (निप्र)। सीहोर जिले के ग्राम बिसन खेड़ी के सरपंच पति के खिलाफ कार्यवाही कराने के लिए ग्राम के बजरंगी नागर ने ग्रामीण महिला-पुरुषों के साथ जमकर बर्तन बजाए और सरपंच पति के खिलाफ नारे लगाए। नागर ने कहा कि विगत गाँव में बोर करने आई मशीन को सरपंच पति की हटधर्मता के चलते बोर नही करने दिया गया, जबकि 24 घंटे बोरवेल मशीन खड़ी रही। सरपंच के पति के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने पर बजरंगी नागर ने कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। नागर ने बताया कि मेरे द्वारा ग्रामीण जनता ने मिलकर भोपाल पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मंत्री से भी सरपंच के पति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। साथ ही सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री से भी सरपंच व उनके पति के खिलाफ जाँच कर कार्यवाही करने की मांग की है। कलेक्ट्रेट कार्यालय सीहोर पहुंचकर जनसुनवाई में सरपंच के द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार और गांव में पानी की समस्या के निदान हेतु बोर नहीं करने देने बोरवेल मशीन से बोर नही करने दिये जाने सरपंच के खिलाफ जांच करने के आदेश दिए जा चुके हैं।

इसके बावजूद भी अभी तक सरपंच के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर आज ग्रामीण जनता ने बजरंगी नगर के नेतृत्व में जमकर खाली पानी के बर्तन बजाए और सरकार के आदेश का पालन करने की मांग करते हुए सरपंच के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पद से हटाकर उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग ग्रामीण जनता ने की है।

# मध्यप्रदेश कबड्डी टीम में हुआ सीहोर जिले की बेटी का चयन



सीहोर( निप्र)। भैरूंदा जनपद के ग्राम पिपलानी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कु. बसकर परतें का चयन बिहार में होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप की मध्यप्रदेश टीम में हो गया है। बालिका बसकर परतें के चयन से पूरे क्षेत्र में बेटियों की शिक्षा के साथ ही खेलो के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयनित होकर कुमारी बसकर ने अपने गांव एवं अपने जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शिक्षकों तथा ग्रामवासियों ने कुमारी बसकर को बिहार में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए विदा किया। इस अवसर पर श्री देवी सिंह धुर्वे, श्रीमती दुलारी बाई धुर्वे, प्राचार्य अमन मालवीय सहित ग्रामवासियों एवं शिक्षकों ने कुमारी बसकर को सम्मानित भी किया।

# अधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों को दे रहे हैं नरवाई न जलाने की समझाइश

## खेतों में नरवाई जलाने पर होगी कार्यवाही

सीहोर(निप्र)। शासन के निर्देशानुसार खेतों में नरवाई जलाने पर कार्यवाही की जाएगी। किसानों को नरवाई जलाने से रोकने के लिए विकासखंड स्तर पर पंचायत वार अधिकारियों की टीम गठित की गई हैं, जो किसानों को गांव-गांव जाकर नरवाई न जलाने के लिये समझाइश दे रही है। नरवाई न जलाने के लिये गेहूँ एवं चना के पंजीयन केन्द्रो, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, सेवा सहकारी समितियां एवं ग्राम पंचायत स्तर पर संकल्प पत्र भरवाये जा रहे हैं एवं उप संचालक कृषि द्वारा मैदानी अमले को गेहूं फसल कटाई उपरांत उचित नरवाई प्रबंधन करने एवं किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए है। किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उप संचालक के.के पांडे ने बताया कि खेतों में नरवाई जलाने मिट्टी की उर्वरता पर असर पडने



के साथ ही साथ खेतों की फसलों/ मकानों/ खलिहानो आदि में अग्नि दुर्घटना की संभावना रहती हैं।

नरवाई के धुएं से उत्पन्न कार्बन डाई ऑक्साइड से वातावरण का तापमान बढ़ने से प्रदूषण में वृद्धि होती हैं, जिससे पर्यावरण पर विपरीत असर पड़ता हैं। खेत की उर्वरा परत लगभग 6 इंच ऊपरी सतह पर ही होती हैं, जिसमें विभिन्न प्रकार के खेती के लिये लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से ये जलकर नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है और धीरे-धीरे भूमि बंजरता की ओर बढ़ने लगती हैं। नरवाई न जलाने एवं उसके स्थान पर रोटावेटर चलाकर नरवाई मिट्टी में मिला देनी चाहिए, जिससे नरवाई की कम्पोस्ट खाद तैयार हो जावेगी।

नरवाई को खेत से अलग कर भू-नाडेप, डीकम्पोजर एवं वर्मी कम्पोस्ट द्वारा खाद जैविक खाद बनाया सकता हैं। उन्होंने किसानों से सुपर सीडर/हैप्पी सीडर कृषि यंत्र से फसल कटाई के पश्चात् लोकहित एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए खेत में बचे शेष फसल अवशेषों का प्रबंधन करने एवं नरवाई न जलाने के लिए कहा है।

# एक ही दिन में बनाए गए एक गांव के 70 लोगों के आयुष्मान कार्ड

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री उन्नत ग्रामों में शत-प्रतिशत व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में इछावर जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती शिवानी मिश्रा के निर्देश पर इछावर जनपद के ग्राम बलोडिया में आयुष्मान कार्ड मेगा कैंप आयोजित किया गया। इस मेगा कैंप में एक ही दिन में 70 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

# पत्रकार भवन के लिए.....

प्रथम पृष्ठ का शेष





उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की अवधारणा ऋषि नारद मुनि ने नहीं ऋषि वाल्मीकि ने लिखकर प्रारंभ की है। उन्होंने बाल्मीकि रामायण के पहले संस्कृत श्लोक की विस्तृत विवेचना करते हुए इसे स्पष्ट किया। श्री सक्सेना ने कहा कि पत्रकार को हमेशा अपने दायित्वों का बोध होना चाहिए। श्री भारतीय को याद करते हुए कहा कि सत्तर के दशक में मैंने उन्हें भोपाल में पत्रकारिता से जुड़े देखा। वे निर्भीक, निडर और ईमानदार पत्रकार थे उन्होंने कभी मूल्यों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि मैं प्रणाम करता हूं सीहोर की पवित्र धरती को जहां गुरु शिष्य की इतनी सुंदर परंपरा आज भी कायम है। श्री सक्सेना ने आयोजन के संयोजक रघुवर दयाल गोहिया को इतने अच्छे आयोजन पर बधाई दी।

समारोह को संबोधित करते हुए, राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार एवं एन डी 24 के संपादक राघवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अंबा दत्त भारतीय का शिष्य हूं। उन्होंने कहा कि यह चिंतनीय पहलू है कि आज पत्रकारिता के मूल्यों में विश्वास का संकट



हास्य व्यंग के विविध विनोद के साथ अतिथिगण सुधीर सक्सेना, राघवेन्द्र सिंह, रघुवर दयाल गोहिया, आनंद कुमार शर्मा,डॉ.पुष्पा शर्मा व संपादक के.के.सक्सेना।



है, भीड़ बढ़ी है लेकिन पत्रकारिता का दृष्टिकोण बहुत बदल गया है।आवश्यकता इस बात की है कि पत्रकार एकजुट होकर समाज को नई दिशा देने के लिए प्रखरता के साथ आगे आएं।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राजधानी भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार योगीराज योगेश ने बाबा अंबादत भारतीय की स्मृति में आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मान समारोह को एक सच्ची श्रद्धांजलि निरूपित करते हुए कहा कि एक पत्रकार को निधन के लंबे समय तक याद रखे जाना प्रशंसनीय और अनुकरणीय पहल है। इसके लिए उन्होंने रघुवर दयाल गोहिया के कार्य और प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।

स्वर्गीय अंबादत भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान इस वर्ष तीन श्रेणियों में प्रदान किए गए। राष्ट्रीय सम्मान भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार डॉ सुधीर कुमार सक्सेना को प्रदान किया गया। जबकि प्रदेश स्तरीय पुरस्कार इंदौर के वरिष्ठ पत्रकार कैलाश गौड़ को तथा जिला स्तरीय सम्मान जिले की भेरूंदा निवासी डॉ. पुष्पा शर्मा को प्रदान किया गया। पुरस्कार के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र एवं शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जिले के वरिष्ठ साहित्यकार धर्मराज देशराज ने अपने द्वारा प्रकाशित गजल एवं कविता संग्रह की पुस्तक सम्मानित पत्रकार एवं अतिथियों को भेंट की।

# शास. उमावि पिपलानी से राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए बालिका का हुआ चयन



पिपलानी (संजय कलमोर)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलानी की छात्रा कु. बसकर परतें पिता विजय सिंह परतें कक्षा आठवीं का चयन बिहार में होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश टीम में चयन हुआ। विद्यालय परिवार तथा ग्रामीणों ने बालिका का स्वागत कर बिहार में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए विदा किया। बालिका का स्वागत देवी सिंह धुर्वे प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा, मति दुलारी बाई धुर्वे सरपंच, संस्था प्राचार्य अमन मालवीय, व्यायाम शिक्षक सदाराम मालवीय, जितेंद्र सिंह यादव, रामभरोस राठौर, शिक्षक आशुतोष जोशी, अनिल कुमार सोनी, श्रीमती प्रीति पाटिल, मंजू बामनिया, अनीता चौहान, माधो सिंह धुर्वे तथा समस्त विद्यालय परिवार ने बालिका को चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी।

# विश्व जल दिवस पर संगोष्ठी आयोजित



सीहोर( निप्र)। विश्व जल दिवस के अवसर पर सीहोर विकासखंड के ग्राम मोगरा फूल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व जल दिवस एवं ग्लेशियर संरक्षण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान बताया गया कि विश्व जल दिवस का उद्देश्य पानी की अपव्यय को रोकना, लोगों को पानी का महत्व बताने और इसकी कमी से निपटने के लिए प्रोत्साहित करना है। पृथ्वी का जल स्तर तेजी से कम हो रहा है, जो भविष्य में मानव जाति के लिए खतरा बन सकता है, जल के बिना जीवन असंभव हो जाएगा। इसलिए जल के महत्व को समझते हुए इसे बचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर सहित

# कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया भौगोलिक भ्रमण

सीहोर( निप्र)। पीएम कॉलेज एक्सीलेंस के भूगोल के विद्यार्थियों द्वारा अध्ययन के उद्देश्य नरसिंहगढ़ स्थित चिड़िखो अभ्यारण, नरसिंहगढ़ किले सहित विभिन्न भौगोलिक स्थानों का भ्रमण किया गया। के लिए गया । भौगोलिक भ्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वहां की भौगोलिक स्थिति ,जलवायु , प्राकृतिक वनस्पति ,जीव जंतुओं, वन्य अभ्यारण की व्यवस्थाओं का अध्ययन किया। विद्यार्थियों विभाग के शिक्षकों के साथ तत्कालीन परमार शासको के वैभव और स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण नरसिंहगढ़ किले का भी भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डॉ तृप्ता झा, डॉ आमिर एजाज, महेंद्र सिंह जाट, अमित कुमार साहू सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

# चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में लगाया जाएगा निशुल्क ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर

## रोमांचक मुकाबले में सीहोर क्लब ने आरबीसी को 2-1 से हराया



सीहोर( निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में 90 दिवसीय निशुल्क ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एक मई से आरंभ होने वाला है, इसके लिए तैयारियां जारी है। इसको लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कनोजिया ने बताया कि एक मई से आरंभ होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान शहर ही नहीं मध्यप्रदेश फुटबाल और आल इंडिया फुटबाल एसोसिएशन के प्रशिक्षक निशुल्क रूप से यहां पर आने वाले खिलाडियों को खेल की बारीकियों से अवगत करेंगे। इसके अलावा शिविर के दौरान करीब 200 से अधिक बच्चों को शामिल किया जाएगा। वहीं शनिवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहले मैच में सीहोर क्लब ने रोमांचक मुकाबले में आरबीसी को 2-1 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर ग्रीन ने 2-0 से जीत लिया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में शनिवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहले मुकाबले में सीहोर क्लब ने जीत हासिल की। इस मुकाबले में सीहोर क्लब ने आरबीसी को मजबूत टीम को 2-1 से हराया। इसमें सीहोर क्लब की ओर से ध्रुव-शिवांग ने 1-1 गोल किया। इधर आरबीसी की ओर से 1 मात्र गोल रोहन ने किया था। इसके अलावा एक अन्य मैच एक तरफा रहा। इस मैच में सीहोर ग्रीन की टीम ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-0 से हराया। मैच के दौरान सीहोर ग्रीन की ओर से अभिराज-वंश ने 1-1 गोल किया।


# कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक-1186/ खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनाँक 20/03/2025

**म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम, 18( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

## द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि **अश्वनी शर्मा, आ. श्री रामसिया शर्मा, निवासी गजानंद महाराज मंदिर जी 3/35 कोलार रोड, भोपाल** द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक **20.01.2025** को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु **प्रथम सूचना क्रमांक 395 दिनांक 05.02.2025** प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुन: विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | नवलपुरा | 61/1 | 4.000 हे. | शासकीय | मुरूम | कुल रकबा 5.333 हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 5.333 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/24644/24

**उप संचालक**
**खनिज प्रशासन**
**जिला-सीहोर**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com